5- JULY- BSP- P-1_Layout 1 7/4/2025 12:23 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 27.5 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 6 जुलाई 2025


यातायात विभाग ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर की कार्रवाई।



## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स एसोसिएशन का सम्मेलन आज

**बिलासपुर।** एसबीआई पेंशनर्स एसोसिएशन भोपाल वृत्त के नगर इकाई की बैठक सीएमडी चौक आईएमए हाल में 6 जुलाई को सुबह साढ़े 10 बजे से होगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष आरपी शुक्ला और सचिव मिहिर नाग ने बताया कि सम्मेलन को एसबीआई आंचलिक कार्यालय के उपमहाप्रबंधक भी संबोधित करेंगे। उन्होंने बताय कि इस दौरान स्वास्थ शिविर का भी आयोजन किया गया है। इसमें अपोलो के वरिष्ठ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। फिजिथेरेपी डॉक्टर भी उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने एसोसिएशन के सभी सदस्यों से इस सम्मेलन में शामिल होकर स्वास्थ्य लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

### वैश्य कसौंधन गुप्ता की बैठक आज

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन गुप्ता महासभा ट्रस्ट की बैठक 6 जुलाई रविवार को दोपहर 1 बजे कार्यालय उत्सव कार्ड नागोराव शेष स्कूल चौक कर्बला रोड, जूना बिलासपुर में होगी। जिलाध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि इस बैठक में आगामी होने वाले कार्यक्रम विशाल छत्तीसगढ़ स्तरीय तृतीय सर्व वैश्य विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा की जाएगी।

### 6 लाख कर्मचारी 16 से करेंगे आंदोलन

**बिलासपुर।** प्रदेश के 6 लाख नियमित, अनियमित कर्मचारी और पेंशनर विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन करने जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ कर्मचारी -अधिकारी फेडरेशन की ओर से बताया गया है कि पहले वे 16 जुलाई को रैलियां निकालेंगे। फिर 22 अगस्त को सामूहिक अवकाश लेकर काम बंद करेंगे। फेडरेशन की ओर से बताया गया कि प्रमुख मांगों में केंद्र के समान डीए, 2019 से लंबित डीए एरियर्स का भुगतान, वेतन विसंगति की पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक करना, चार स्तरीय 8,16,24 व 30 वर्ष में पदोन्नत समयमान वेतनमान, शिक्षकों व सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतनमान, केशलैस मेडिकल सुविधा, अनुकंपा नियुक्ति बगैर शर्त लागू हो, 300 दिनों के अवकाश का नगदीकरण,एनपीएस खाते में कटौती तिथि से गणना, पूर्ण पेंशन का पात्रता तय हो, विभागों का सेटअप पुनरीक्षण, सेवानिवृत्ति 65 साल हो, दैनिक वेतनभोगी का नियमितीकरण हो। अगर मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन जारी रखेंगे।

### फेडरेशन करेगा विरोध प्रदर्शन कल

**बिलासपुर।** कलेक्टर कबीरधाम द्वारा कर्मचारियों को कान पकड़कर उठक-बैठक कराने के साथ माफी मंगवाने के प्रकरण का फेडरेशन द्वारा विरोध किया जा रहा है। इसके विरोध में फेडरेशन द्वारा 7 जुलाई को मुख्यमंत्री के नाम सभी कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जीआर चन्द्रा एवं रोहित तिवारी ने बताया कि कलेक्टर गोपाल वर्मा जिला कबीरधाम द्वारा विभिन्न संस्थाओं एवं कार्यालय के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान 42 कर्मचारियों को बारिश के कारण देर से पहुंचने से नोटिस जारी करने का आदेश दिया गया। जिला पंचायत परिसर कबीरधाम में दिखे कर्मचारी को फटकार लगाने के साथ ही कान पकड़कर उठक-बैठक कराया गया जो सिविल सेवा आचरण नियम के विरूद्ध तथा अमानवीय एवं अशोभनीय कृत्य करने वाले कलेक्टर को तत्काल हटाकर निष्पक्ष जांच की मांग करने फेडरेशन प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में सात जुलाई सोमवार को भोजन अवकाश में मुख्यमंत्री सहित उप मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## डीएनए की जांच अब बिलासपुर में ही, परसदा में बनेगा प्रदेश का दूसरा लैब

शरद पाण्डेय ⏭ बिलासपुर


परसदा स्थित रीजनल फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी में डीएनए लैब की स्थापना की जा रही है, जिससे डीएनए की जांच अब शहर में ही की जा सकेगी। रायपुर के बाद यह प्रदेश का दूसरा डीएनए लैब होगा। लैब की स्थापना के लिए विशेषज्ञों की पदस्थापना और मशीनरी की व्यवस्था की जा चुकी है। माह के अंत तक इसके प्रारंभ हो जाने की संभावना है।

पितृत्व के निर्धारण, रेप केस, मर्डर केस और लावारिसों की पहचान कराने में अहम भूमिका निभाने वाली डीएनए जांच अब बिलासपुर शहर में भी हो सकेगी। इसके लिए अब तक राजधानी रायपुर स्थित राज्य न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला के ऊपर निर्भर रहना पड़ता था। रायपुर में डीएनए लैब की स्थापना वर्ष 2016 में की गई थी। बिलासपुर में डीएनए लैब स्थापित हो जाने के बाद एक ओर जहां रायपुर स्थित लैब पर पिछले नौ सालों से लगातार पूरे प्रदेश का लोड अब कम हो जाएगा, वहीं दूसरी ओर प्रदेश के विभिन्न जिलों से डीएनए टेस्ट के लिए रायपुर जाने वालों के पैसे और समय की बचत भी हो सकेगी।

अलग खबर

### बिलासपुर व अंबिकापुर संभाग को कवर करेगा

डीएनए की जांच के लिए अब तक पूरे प्रदेश की निर्भरता रायपुर स्थित राज्य न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला के ऊपर थी। ऐसी स्थिति में सरगुजा जैसे दूरदराज वाले संभाग के विभिन्न हिस्सों से भी डीएनए टेस्ट के लिए सैंपल रायपुर भेजना चैलेंजिंग होता था। विशेषज्ञों के अनुसार डीएनए टेस्ट के लिए भेजे जाने वाले सैंपल पूरी तरह एयट टाईट आईस बॉक्स में चौबीस घंटे के भीतर लैब तक अनिवार्य से पहुंच जाने चाहिए। लेटलतीफी या आईस बॉक्स की बर्फ कम होने या पिघलने की हालत में सैंपल खराब होने व इससे टेस्ट रिपोर्ट प्रभावित होने का भी खतरा हो सकता है। ऐसी स्थिति में सरगुजा क्षेत्र से रायपुर के बीच 400 से 500 किलोमीटर की दूरी तय कर सैंपलों को सुरक्षित ले जाना बेहद चैलेंजिंग होता था। अब बिलासपुर में डीएनए लैब की स्थापना के बाद सरगुजा संभाग से आने वाले प्रकरणों की जांच बिलासपुर में आसानी से हो सकेगी।








### तैयार किए जा रहे पांच एसी-एयरटाइट कमरे

डीएनए की जांच के क्रमशः पांच चरण होते हैं, जिनकी पूर्ति के लिए परसदा स्थित फोरेंसिक लैब में पांच फुल्ली एयरकंडीशंड व एयरटाइट कक्ष बनाए जा रहे हैं। शत प्रतिशत प्रवेश प्रतिबंधित वाले ये कक्ष बाहरी हवा व धूल मुक्त होते हैं। डीएनए जांच के दौरान विशेषज्ञों को इन प्रक्रियाओं की पूर्ति के लिए एक-एक कक्ष में बारी-बारी आगे बढ़ना होता है। इस दौरान एक कक्ष में प्रवेश के बाद वहां की प्रक्रिया पूर्ण कर अगले कक्ष में प्रवेश करना है। किसी भी हालत में पहले कक्ष में वापसी नहीं हो सकती। पांचवें और अंतिम कक्ष से ही आवश्यक जांच के बाद तत्काल टेस्ट की रिपोर्ट भी जारी की जा सकेगी।

मशीनरी की व्यवस्था विशेषज्ञों की नियुक्ति सहित सारी तैयारियां पूरी



### फोरेंसिक लैब में स्थापित होगा

### विशेषज्ञों की पदस्थापना की गई

डीएनए लैब के लिए विशेषज्ञों की पदस्थापना हो चुकी है। मशीनरी भी आ चुकी है, जिसका जल्द ही इंजीनियरों से इंस्टालेशन कराया जाना है। विद्युत विभाग से लोड क्लियरेंस की प्रक्रिया चल रही है। पूरा प्रयास है कि माह के अंत तक डीएनए लैब प्रारंभ कर लिया जाए।

**- टीएल चंद्रा,** प्रभारी संचालक, राज्य न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला छत्तीसगढ़

### ब्रेन मैपिंग, लाई डिटेक्टर व बैलेस्टिक डिपार्टमेंट की और जरूरत

धीरे-धीरे ही सही, लेकिन फोरेंसिक लैब परसदा भी अब जांच की सारी सुविधाओं से लैस होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, लेकिन कुछ विभागों की अब भी कमी है। लैब में फिलहाल नार्मल बेहोशी की दवा देकर डॉक्टरों की टीम द्वारा ब्रेन मैपिंग के जरिए संदेही से सच उगलवाने की तकनीक स्थापित नहीं है। इसी तरह संदेही से सवाल पूछकर उसके शरीर में बीपी व हार्ट बीट में होने वाले असामान्य बदलाव को लाई डिटेक्टर के माध्यम से पकड़ने की तकनीक भी अभी यहां से दूर है। गोलीकांड के दौरान रिवाल्वर से निकली बुलेट किस रिवाल्वर की है, इसका पता लगाने वाले बैलेस्टिक डिपार्टमेंट की भी परसदा लैब में फिलहाल कमी है। विशेषज्ञों का कहना है कि बिलासपुर अपेक्षाकृत शांत संभाग है, जिससे यहां इन डिपार्टमेंट से संबंधित अपराध गिनती के ही होते हैं, जिनका समाधान आसानी से रायपुर स्थित लैब से कर लिया जाता है। इसीलिए फिलहाल यहां इन विभागों की स्थापना नहीं की गई है।



### बारिश के कारण धंसी सड़क, हादसे का डर

शहर में सीवरेज और अमृत मिशन की मार रह-रह कर लोगों की जान जोखिम में डाल रही है। पिछले 4 दिनों से हो रही बारिश के कारण शहर की सड़कों पर गड्ढें पनप चुके है। वहीं शनिवार को कुछ जगहों की सड़कें धंस गई। सुबह से हो रही बारिश के कारण श्याम टाकिज, कश्यप कालोनी, जूना बिलासपुर, दयालबंद, जैसे सड़कों पर सड़क धंस गई। इस दौरान लोगों ने हादसे का भय होने के कारण गड्ढें में ईट डाल दिया।

### बारिश ने भिगाया, रोजमर्रा के काम अटके

## सुबह से होती रही बारिश, दोपहर बाद थमी सड़कों पर बने गड्ढों से हादसे का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मानसूनी हवाओं को जोर पकड़ने के बाद झड़ी लगी हुई है, 4 दिनों से बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है, रह-रह कर हो रही बारिश ने रोजमर्रा के काम प्रभावित कर दिए हैं। शनिवार की सुबह से ही बारिश होती रही, एक ही रफ्तार के साथ हल्की बारिश होती रही और लोगों को दुबकने के लिए मजबूर कर दिया, हालांकि दोपहर बाद बादल छंटे और बारिश से राहत मिली, लेकिन बारिश ने इस दौरान सड़कों का हाल बेहाल कर दिया है।

मौसम विभाग के अनुसार मानसून द्रोणिका श्री गंगानगर, भिवानी, आगरा, बांदा से बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है। वहीं चक्रवाती परिसंचरण के कारण निम्न दाब का असर देखा जा रहा है, जिससे बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार पूरे प्रदेश में रह-रह कर बारिश हो रही है, कोरबा और सरगुजा जिले में अच्छी खासी बारिश हो चुकी है। शनिवार को सुबह से हो रही बारिश के कारण लोगों को घर पर ही रहना पड़ा, इस दौरान कार्यालय और स्कूल जाने वालों को दिक्कतें हुई, हालांकि हल्की बारिश के बाद लोगों ने घरों से निकलकर अपने काम निबटाने की पहल की।


शनिवार को हुई झमाझम बारिश से भीगी सड़क।


आनंद लेती युवतियां।

### बाढ़ नियंत्रण कक्ष में डटे रहे कर्मचारी

जिला प्रशासन और नगर निगम ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। शनिवार को सरकारी छुट्टी होने के बाद भी कर्मचारी ड्यूटी देते रहे। हल्की बारिश के कारण कहीं भी जल भराव की स्थिति निर्मित नहीं हुई है, लेकिन अरपा नदी के किनारों पर पानी का स्तर बढ़ने लगा है। इसकी जानकारी बाढ़ नियंत्रण कक्ष में दर्ज की गई है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि रोजाना 1 से 2 कॉल कक्ष में दर्ज किए जा रहे है। वर्तमान में बाढ़ की स्थिति कहीं नहीं आई है।



## फर्जी एप से भुगतान दिखाकर चार व्यापारियों से ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकण्डा क्षेत्र में एक ठग सक्रिय होकर दुकानों में घूम घूमकर खरीददारी कर अपने मोबाइल के फर्जी एप के माध्यम से फर्जी पेमेंट करने का मैसेज दिखाकर ठगी कर रहा है। अब तक वह क्षेत्र के चार व्यापारियों को फर्जी एप के माध्यम से चूना लगा चुका है। सीसीटीवी फुटेज होने के बाद भी पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है, केवल शिकायत लेकर चलता किया जा रहा है।

वर्तमान में पूरा मार्केट डिजिटल हो गया है। सभी दुकानों, फुटकर व्यापारी, सब्जी वाले, पान ठेला वाले सहित अन्य व्यापारी डिजिटल के माध्यम से सामानों का पेमेंट ले रहे हैं। 5 रुपए का सामान खरीदने पर भी लोगों के द्वारा फोन पे माध्यम से आनलाइन पेमेंट किया जा रहा है। एक तरह नकद भुगतान कम हो गया है। आलम यह है कि लोगों को नकद रकम की जरूरत पड़ने पर किसी भी दुकान में जाकर फोन के माध्यम से पैसा भेजकर नकद रकम आसानी से मिल जाता है। जालसाज ठगों ने इसका भी फर्जीवाड़ा खोल लिया है। पिछले कुछ समय से सरकण्डा क्षेत्र में एक युवक बेखौफ किराना दुकान, मेडिकल स्टोर में जाकर 1000, 1500, 2000 हजार का सामान खरीदकर अपने मोबाइल के फर्जी एप से पेमेंट कर व्यापारियों को अपने मोबाइल में पेमेंट हो जाने का मैसेज दिखाकर ठगी कर आसानी से निकल जा रहे हैं। व्यापारियों ने अपना बैंक खाता चेक कराया तब ठगी होने की जानकारी हुई।

- सीसीटीवी फुटेज के बाद भी पुलिस नहीं पकड़ पा रही

### भुगतान कन्फर्म होने पर सामान दें

जालसाजों ने कई ऐसे एप बना लिए हैं, जिसके माध्यम से दुकानों में खरीददारी करने के बाद अपने मोबाइल से पेमेंट करने के बाद अपने मोबाइल में भुगतान हो जाने का मैसेज दिखाकर ठगी कर रहे हैं। ऐसे जालसालों से व्यापारियों को सावधान होना होगा। सभी दुकानों में स्पीकर लगाए गए हैं, जब तक स्पीकर में भुगतान होने की पुष्टि नहीं हो, किसी को भी सामान नहीं देना चाहिए।



### ये व्यापारी हुए ठगी के शिकार

- 9 जून किराना दुकान संचालक मोपका निवासी संतराम साहू से 1 हजार 639 रुपए
- 15 जून ओम मेडिकल स्टोर के संचालक बहतराई निवासी केशव प्रसाद साहू से 555 रुपए
- 4 जुलाई छत्तीसगढ़ फार्मेसी के संचालक राधा विहार निवासी चंद्रकांत साहू से 1 हजार 700
- जय चंडी मेडिकल स्टोर प्रगति विहार गेट के सामने संचालक लम्बोदर प्रसाद साहू से 1 हजार 100



### शिकायत लेकर किया जा रहा चलता

ठगी का शिकार हुए चारों व्यापारी रिपोर्ट लिखाने के लिए थाने गए। पुलिस के द्वारा मामले को गंभीरता से लेने के बजाए लिखित शिकायत लेकर चलता कर दिया है। जबकि व्यापारियों के द्वारा ठगी करने वाले फर्जी युवक की पुलिस को सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराया गया है। उसके बाद भी पुलिस युवक को नहीं पकड़ पा रही है।

### मिली है शिकायत

सामान खरीदकर फोन के माध्यम से फर्जी पेमेंट करने की व्यापारियों से शिकायत मिली है। फुटेज के आधार पर ठगी करने वाले की तलाश की जा रही है। ठगी करने वाले को पकड़कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**-निलेश पाण्डेय**
सरकण्डा टीआई

### मुंगेली व भरतपुर में किया जा रहा काम, जल्द ही ग्रामीणों को मिलेगा नया आशियाना

## 111 विस्थापित ग्रामीणों के मकान के ड्राइंग व डिजाइन तैयार

**बिलासपुर।** अचानकमार टाइगर रिजर्व में बचे हुए 19 गांव का विस्थापन करने की प्रक्रिया कई वर्षों से चल रही है, जिसमें से तीन गांव का विस्थापन करीब-करीब मुंगेली वन मंडल के जोगीपुर और भारतपुर में करने का काम शुरु कर दिया गया है, जिसके तहत ले आउट और मकानों की ड्राइंग व डिजाइन भी तैयार कर ली गई है। यहां विस्थापित गांव के एक परिवार के 6 सदस्यों को 15-15 लाख रुपए के हिसाब से एक करोड़ से अधिक राशि दी जा रही है। अगर कोई सदस्य राशि लेने से इनकार करता है, तो उस सदस्य को 3 एकड़ जमीन के साथ आवास भी बनाकर दिया जा रहा है।

एटीआर जंगल में बसे ग्रामीणों को दूसरे स्थान पर विस्थापित करने की प्रक्रिया करीब 12 वर्ष से चल रही है। पूर्व में 6 गांव में रहने वाले लोगों को लोरमी और मुंगेली क्षेत्र में विस्थापित करने के उपरांत चार साल से कोर जोन में बसे तीन गांव बिरारपानी, छिरहट्टा और तिलईडबरा के करीब 133 परिवारों के विस्थापन करने का कार्य हो रहा है। पूर्व राज्य सरकार ने ग्रामीणों को विस्थापित करने के लिए 500 करोड़ रुपए से अधिक राशि का बजट प्रस्ताव बनाया, लेकिन बाद में यह योजना भी ठंडे बस्ते में चली गई। एक बार फिर तीनों गांव बिरारपानी, छिरहट्टा और तिलईडबरा के ग्रामीणों के विस्थापित की योजना शुरु कर दी गई है, जिनके 171 परिवार के लिए मुंगेली के जोगीपुर और भरतपुर में 255.300 हेक्टेयर जगह चिन्हांकित की गई है। इन 171 परिवार में से प्रत्येक परिवार के एक-एक सदस्य को 15-15 लाख रुपए की राशि दी जानी है, ताकि वे एटीआर को खाली करने के बाद दूसरे स्थान पर चले जाएं। इन परिवार के अगर कोई सदस्य राशि लेना नहीं चाहते हैं तो उस सदस्य को 3 एकड़ जमीन के साथ आवास भी बनाकर देने का निर्णय लिया गया है। इन सभी परिवारों के लिए मुंगेली वन मंडल क्षेत्र में जगह चिन्हांकित करने के बाद पहले चरण में पेड़ों की कटाई करने के बाद लैंड डायवर्सन के साथ अन्य कार्य पूरा कर लिया गया है।



### 111 परिवार को मिलेगा मकान

प्रबंधन के अनुसार मुंगेली के भरतपुर में बिरारपानी और छिरहट्टा के ग्रामीणों को और सावतपुर में तिलईडबरा के ग्रामीणों को विस्थापन करने का कार्य किया जाएगा। इसमें 133 परिवार हैं, जिसमें से 15 लोगों ने आप्शन वन के तहत 15 लाख रुपए की मांग की है। वहीं 111 परिवार मकान, खेत व अन्य सुविधाएं लेना चाहते हैं। इसमें प्रति परिवार के एक सदस्य को को 2.3 हेक्टेयर जमीन दी जाएगी।

### 16 गांवों का विस्थापन बाकी

पिछले कई सालों से तीन गांव बिरारपानी, छिरहट्टा और तिलईडबरा के विस्थापन की प्रक्रिया अब तक समाप्त नहीं हुई है। इन तीन गांव सहित कोर जोन में अचानकमार, बिंदावल, सारसडोल, छपरवा, लमनी, अतरियाखार, रंजकी, सुरही, अतरिया, बम्हनी, कटामी, जांकडबांधा, निवासखार, महामाई, डंगनिया और राजक एवं बफर जोन में जमुनाही, बोईरहा, पटपरहा, चकदा व सिवलखार आदि शामिल है।

### लैंड डायवर्सन का प्रोसेस कम्पलीट

एटीआर के तीन गांव का विस्थापन मुंगेली वन मंडल के जोगीपुर और भरतपुर में किया जाएगा, जो वन भूमि ही है। यहां लैंड डायवर्सन के अलावा उनके लिए किस तरह का घर बनाया जाना है उसके मॉडल और डिजाइन भी बना लिए गए हैं। करीब 111 परिवार हैं, जिन्हें मकान दिया जाना है।

**- अभिनव कुमार,** डीएफओ, मुंगेली

### जेल में वसूली का आरोप

## हाईकोर्ट ने डीजी से मांगा जवाब

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने जेल बंदियों के परिजनों से जबरन वसूली के गंभीर आरोपों पर सख्त रुख अपनाया है। एक जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान यह मामला सामने आने पर कोर्ट ने प्रदेश के जेल महानिदेशक (डीजी) को व्यक्तिगत हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है। लुकेश्वरी जोश अब्राहम द्वारा दाखिल इस याचिका पर मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा की एकलपीठ में सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि याचिकाकर्ता पर हत्या के मामले में जेल में बंद अपने पति और अन्य कैदियों के परिजनों से रकम वसूलने का आरोप है। बताया गया कि यह राशि अलग-अलग खातों में जमा कराई गई, जिनमें याचिकाकर्ता का खाता भी शामिल है। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए डीजी जेल को जवाब देने को कहा है। साथ ही एक अन्य सह-आरोपी की जमानत याचिका को 15 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू से मिलेंगे डॉ छाबड़ा सड़क सुरक्षा पर होगी चर्चा



**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के ट्रांसपोर्ट एंड ट्रेवल विंग का प्रतिनिधि मंडल 7 जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सौजन्य भेंट कर संस्था द्वारा पूरे भारत वर्ष में सड़क सुरक्षा से जुड़े विषयों पर किए जा रहे एवं भविष्य के कार्यक्रमों की जानकारी देंगे। समाज सेवी डॉ कमल छाबड़ा ब्रह्माकुमारी संस्था से पिछले कई वर्षों से जुड़े हैं। वे समाज के हर वर्ग में बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ, प्रकृति संरक्षण, जल संरक्षण,महिला विकास, युवा सशक्तिकरण, व्यसन मुक्ति, रोड सेफ्टी, ब्लड डोनेशन कैंप्स, स्वास्थ्य शिविर आदि अनेक सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं। उनकी उत्कृष्ट सेवाओं को ध्यान में रखते हुए ब्रह्माकुमारीज के 20 प्रभागों में से एक ट्रांसपोर्ट एवं ट्रेवल विंग द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने के लिए प्रतिनिधि मंडल में शामिल किया है। डॉक्टर छाबड़ा राष्ट्रपति से मिलने राजभवन दिल्ली रवाना हो गए हैं। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज ट्रांसपोर्ट विंग की राष्ट्रीय प्रमुख दिव्या दीदी, राष्ट्रीय समन्वयक कविता दीदी एवं बिलासपुर मुख्य सेवाकेंद्र की संचालिका बी के स्वाति दीदी का आभार जताया है।

### लायंस क्लब बिलासपुर ने मूक बधिर केन्द्र तिफरा में किया पौधरोपण



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर द्वारा तिफरा स्थित मूक बधिर केन्द्र में 5 जुलाई को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 100 से अधिक नीम, जामुन, बादाम, कदम्ब, गुलमोहर, कोनों कार्पस आदि के पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्लब के रिजन चेयरपर्सन दिनेश अग्रवाल थे। विशिष्ट अतिथि जोन चेयरपर्सन जी एल जैन थे। लायंस क्लब बिलासपुर के अध्यक्ष डॉ हर्ष पान्डेय, सचिव रमेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉ राजेश दुबे ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। कार्यक्रम के संयोजक असित पाल जुनेजा, इतफ़ाक सागरी और नवीन अग्रवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मूक बधिर केन्द्र के डी आर ओ सरला, एस मैथ्यूज ने किया। रिजन चेयरपर्सन दिनेश अग्रवाल ने पौधरोपण को मानव जीवन के लिए अनिवार्य मानते हुए उसके महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम को हर्ष पान्डेय, शैलेष बाजपेयी, उमेश मुरारका ने भी संबोधित किया। उमेश मुरारका ने लोगों को पर्यावरण के महत्व से संबंधित पुस्तक भी भेट किया। कार्यक्रम में सुभाष अग्रवाल, बी एल गोयल, आर के अग्रवाल, परमजीत सिंह सलुजा, राकेश सखुजा, डॉ अरूण शुक्ला आदि मौजूद थे।

### बिलासपुर डिवीजन का जोन के महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण

**बिलासपुर।** एसईसीआर के जीएम तरूण प्रकाश ने बिलासपुर मंडल के झलवारा से शहडोल के बीच रेलखंड का व्यापक संरक्षा निरीक्षण कर रेल संरक्षा, परिचालन प्रणाली, स्टेशन विकास कार्यो एवं यात्री सुविधाओं की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यालय के प्रधान विभागाध्यक्ष, अधिकारी, मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल व वरिष्ठ अधिकारी एवं पर्यवेक्षक मौजूद थे। महाप्रबंधक ने न्यू कटनी जंक्शन से झलवारा के बीच विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं एवं संरक्षा मानकों का जायजा लिया।

## अव्यवस्था

### यात्रियों के बर्थ कंफर्म नहीं होने के कारण अधिकारियों को भी एसी थ्री में कनवर्ट करना हो गई मजबूरी

# ट्रेनों में एसी टू की मांग अधिक और कोच की संख्या कम

**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन से जाने वाली ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों की मांग सबसे अधिक एसी टू की है, लेकिन इसकी संख्या काफी कम है। डिवीजन से चलने वाली आठ ट्रेनें हैं, जिसमें एसी टू के केवल दो-दो कोच ही जोड़े गए हैं। इसमें सफर करने वाले यात्रियों के बर्थ कंफर्म नहीं होने के कारण अधिकारियों को भी एसी थ्री में कनवर्ट करना मजबूरी हो गई है।

रेल प्रशासन ने ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों के लिए अलग-अलग कैटेगेरी के कोच लगाए हैं, जिसमें सफर करने के लिए यात्रियों से भी किराया बढ़ा चढ़ाकर लिया जाता है। जनरल कोच में सफर करने वालों से अधिक राशि स्लीपर कोच में, स्लीपर कोच से अधिक राशि थ्री इकॉनामी में, थ्री इकॉनामी से अधिक राशि एसी थ्री और एसी थ्री से बढ़ी राशि एसी टू और एसी फर्स्ट में सफर करने वाले यात्रियों से टिकिट बुकिंग के दौरान रेलवे लेती है।

बड़े-बड़े स्टेशनों से छोटे स्टेशनों के बीच सफर करने वाले यात्रियों के लिए पैसेंजर और लोकल मेमू ट्रेन की सुविधा दी जाती है तो लंबी दूरी की मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों में दो आगे और दो पीछे जनरल कोच को जोड़ा जाता है। वहीं स्लीपर की संख्या 7, एसी थ्री की संख्या पांच, एसी टू की संख्या दो और एसी फर्स्ट की संख्या केवल एक रहती है। जनरल कोच में यात्रियों की सबसे अधिक भीड़ रहती है।




**टिकिट क्लीयर करने में परेशानी:** बिलासपुर जोन अंतर्गत रायपुर और नागपुर से भी मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन किया जाता है। इसमें दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस, दुर्ग-निजामुद्दीन सपंर्कक्रांति एक्सप्रेस, दुर्ग-जम्मूतवी ऊधमपुर एक्सप्रेस, रायपुर-लखनऊ गरीब रथ, बरौनी-गोंदिया, कानपुर एक्सप्रेस व अन्य ट्रेनें शामिल हैं। सभी ट्रेनों में एसी टू की संख्या दो है, जबकि इस कोच में सफर करने वाले सबसे अधिक यात्री वीआईपी, वीवीआईपी और सामान्य यात्री हैं। यह सभी आरामदायक सफर करने के लिए किराए की राशि अधिक होने के बावजूद टिकिट बुकिंग करते हैं। जब वेटिंग टिकिट को क्लीयर कराने के लिए कोटा दिया जाता है, तो हाई कमान से लेकर अन्य वीआईपी के फार्म के बावजूद अधिकारियों को भी बर्थ देने में काफी परेशानी होती है।

### बिलासपुर से चलने वाली ट्रेन

जानकारी के अनुसार बिलासपुर डिवीजन से लंबी दूरी की ओर जाने वाली आठ ट्रेनें शामिल हैं। इसमें बिलासपुर से भगत की कोठी, बिलासपुर से बीकानेर एक्सप्रेस, बिलासपुर से चेन्नई, बिलासपुर से इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस, बिलासपुर से नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, बिलासपुर से अमृतसर जाने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, बिलासपुर से रींवा जाने वाली एक्सप्रेस, बिलासपुर से एर्नाकुलम, बिलासपुर-पुणे हैं। इन सभी ट्रेनों में जनरल कोच की संख्या चार, स्लीपर की संख्या 7, एसी थ्री की संख्या पांच और एसी टू की संख्या केवल दो है।

### कोच बढ़ाना बोर्ड का अधिकार

किसी भी ट्रेन में कोच बढाना या कम करने का अधिकार क्षेत्र रेलवे बोर्ड का ही है। कोई भी डिवीजन और जोन मुख्यालय इस कार्य को नहीं कर सकता है। बोर्ड को अगर लगता है कि जिस कोच की मांग सबसे अधिक है तो उसे बढ़ाने का निर्णय लेकर आदेशित किया जाता है। वहीं सारे ट्रेन में जो भी कोच लगाए जाते हैं वह प्लेटफार्म की लंबाई के अनुसार लगते हैं।

-अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल

### स्वच्छ भारत मिशन योजना का हाल-बेहाल

# 953 व्यक्तिगत शौचालय पांच सालों बाद भी नहीं बन सके

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक दिन में बड़ी आसानी से बन जाने वाले व्यक्तिगत शौचालयों की जिले में ऐसी हालत है कि करीब 953 शौचालयों का निर्माण आज तक पूरा ही नहीं हो सकता है। इनमें से 367 शौचालय तो ऐसे हैं, जो पांच साल पहले स्वीकृत किए गए थे, लेकिन जिला पंचायत द्वारा प्रस्तुत जानकारियों में आज भी वे प्रगतिरत ही नज़र आ रहे हैं।

गांवों को खुले में शौच से मुक्त करने केंद्र सरकार द्वारा पूरे देश में शौचालय निर्माण का अभियान चलाया गया था। इसके अंतर्गत अंधाधुंध व्यक्तिगत शौचालयों को स्वीकृति दी गई। इसके अंतर्गत न केवल शौचालयों निर्माण किया गया, बल्कि इन शौचालयों के उपयोग के लिए भी ग्रामीणों को लगातार प्रेरित भी किया गया। जिले में वर्ष 2021 में 14 हजार 154 व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण को स्वीकृति दी गई थी। आज पांच साल बीतने को हैं, लेकिन 367 शौचालयों का निर्माण आज तक पूर्ण नहीं हो सका है। वर्ष 2022-23 में 2 हजार 813 शौचालय स्वीकृत किए गए, जिनमें 517 आज तक प्रगतिरत हैं। इसी तरह वर्ष 2024 में स्वीकृत कुल 640 में से 69 शौचालय जिला पंचायत के रिकार्ड में आज भी प्रगतिरत ही हैं। व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण के लिए शासन द्वारा बारह हजार रूपए का अनुदान दिया जाता है।

यह अनुदान राशि शौचालय निर्माण के लिए आवश्यक निर्माण सामग्रियों रेत,ईंट व सीमेंट की खरीदारी के लिए होती थी। निर्माण के लिए मजदूरों की व्यवस्था हितग्राहियों को ही करनी होती थी, जिसमें हितग्राही स्वयं परिवार के साथ मजदूरी करके शौचालय का निर्माण करता था। शौचालय की लंबाई व चौड़ाई बमुश्किल पांच फीट व ऊंचाई सात फीट की होती थी। इसमें छत की बजाए शेड का प्रावधान था, जिससे हितग्राही अगर चाहें तो शौचालय एक दिन में ही तैयार किया जा सकता था। इसके विपरीत 953 शौचालयों का पांच-पांच सालों बाद भी प्रगतिरत होना कहीं ना कहीं आबंटित राशि की बंदरबांट हो जाने की ओर भी इशारा कर रहा है।

### 55 सामुदायिक शौचालयों का भी यही हाल



सामुदायिक शौचालयों की हालत भी जिले में कोई खास अच्छी नहीं है। जिले में बीते तीन वर्षों में 242 सामुदायिक शौचालय स्वीकृत किए गए थे, जिनमें 168 का निर्माण तो पूर्ण किया जा चुका है, लेकिन आज तीन साल बाद भी 55 शौचालय अपूर्ण ही हैं। एक साल में बड़ी आसानी से तैयार हो जाने वाले सामुदायिक शौचालयों के तीन-तीन वर्षों में भी अपूर्ण रहना कहीं ना कहीं राशि की बंदरबांट हो जाने का भी संकेत हैं।

### राशि जारी नहीं की गई है

प्रगतिरत शौचालयों को किसी तरह की राशि जारी नहीं की गई है। ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के आधार पर इन्हें स्वीकृति तो मिल जाती है, लेकिन भौतिक सत्यापन में हितग्राही के पास पहले से शौचालय उपलब्ध होने की जानकारी मिलती है। अगर रिकार्ड में इन शौचालयों को पूर्ण बताया गया, तो संबंधितों को राशि जारी करनी पड़ेगी। पोर्टल में निरस्त करने का कोई ऑप्शन भी नहीं है। निरस्त करना शासन स्तर का मामला है। प्रदेश के सभी जिलों में यही परेशानी है।

-संदीप अग्रवाल
सीईओ जिला पंचायत

## बिजनेस प्लस

### श्री शिवम की तोड़-फोड़ सेल में फैशन और बचत की धूम फिर से

**बिलासपुर।** मध्यभारत के सबसे बड़े और सबसे भरोसेमंद फैमिली फैशन स्टोर श्री शिवम में एक बार फिर फैशन प्रेमियों के लिए लौट आई है साल की सबसे बड़ी और सबसे चर्चित तोड़-फोड़ सेल।

इस मेगा सेल में शानदार ऑफर्स और ज़बरदस्त डील्स के साथ हर उम्र और हर स्टाइल के ग्राहकों के लिए कुछ न कुछ खास है। त्यौहारों की रौनक हो या फैमिली फंक्शन हर मौके के लिए फैशन की खरीदारी के इस बेहतरीन अवसर में एक की खरीद पर एक फ्री और दो की खरीदी पर दो फ्री योजना प्रारंभ की है। इसमें 50 तक की छूट जैसी बेमिसाल डील्स शामिल हैं। मेन्स वियर, वुमेन्स वियर और किड्स वियर—हर सेक्शन में टॉप ब्रांड्स की शानदार रेंज ग्राहकों का दिल जीत रही है। ग्राहकों के लिए 3 बेहतरीन ऑफर्स आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इसमें महिलाओं के लिए साड़ी, कुर्ती, लहंगा, ड्रेस मटेरियल और रेडीमेड सूट्स पर विशेष छूट, पुरुषों के लिए पार्टी वियर, कोट सूट, शेरवानी और टक्सीडो के ब्रांडेड विकल्पों पर धमाकेदार ऑफर्स लोगों को खूब लुभा रहा है। इसी तरह बच्चों के लिए किड्स वियर की ब्रांडेड और ट्रेंडी रेंज। नेशनल और इंटरनेशनल टॉप ब्रांड्स में शामिल होंगे।



### शैल वस्त्रालय में 'लूटमार सेल' का धमाका, खरीदी पर विशेष छूट

**बिलासपुर।** फैशन सेंटर शैल वस्त्रालय इन दिनों अपनी खास पेशकश 'लूटमार सेल तैयारी बचत की के चलते चर्चा का केंद्र बना हुआ है।

स्टोर में ग्राहकों की भारी भीड़ और उत्साह से भरा माहौल इस बात का संकेत है कि इस सीज़न की सबसे बड़ी और दमदार सेल यही है। महिलाओं के लिए यह सेल किसी फैशन फेस्टिवल से कम नहीं है। साड़ी, कुर्ती, लहंगा, टॉप्स, ड्रेस मटेरियल, प्लाज़ो सेट, गाउन आदि पर सीधे 50% तक की छूट दी जा रही है। लेटेस्ट ट्रेंड के अनुसार तैयार किए गए डिज़ाइन, उम्दा कपड़े और बेहतरीन कलर कलेक्शन ग्राहकों को बेहद आकर्षित कर रहे हैं। हर आयु वर्ग की महिलाओं के लिए यहां कुछ न कुछ खास जरूर मौजूद है। पुरुषों के लिए भी एथनिक वियर पर शानदार छूट का ऑफर जारी है।1 आइटम खरीदने पर 20% 2 आइटम पर 25% और 2 से अधिक पर 30% की छूट है। यह ऑफर कुर्ता, जैकेट सेट, इंडो-वेस्टर्न, शेरवानी और पाथानी जैसे प्रीमियम रेंज पर भी लागू है, जो इस शादी और त्योहार सीज़न में पुरुषों के लिए बेहतरीन डील साबित हो रही है। सेल की वजह से न केवल लोगों की जेब पर असर कम हुआ है, बल्कि उन्हें अपने मनपसंद फैशन की खरीदारी करने का सुनहरा अवसर भी मिल रहा है। स्टोर के डायरेक्टर श्री विवेक गुप्ता और विनय गुप्ता ने बताया कि हमारा उद्देश्य हर वर्ग के ग्राहक को एक ऐसा अनुभव देना है जहाँ क्वालिटी, वैरायटी और कीमत – तीनों में संतुलन हो। 'लूटमार सेल' का मकसद ही है अधिक से अधिक बचत और बेहतर फैशन।



### जयंत स्टोर्स में मानसून ऑफर, महिलाओं के लिए सुनहरा मौका

**बिलासपुर।** सदर बाजार स्थित जयंत स्टोर्स के संचालक ने बताया कि 1 जुलाई से मानसून ऑफर की शुरुआत की है। जिसके अंतर्गत आकर्षक छूट के साथ साड़ियों की खरीदारी का सुनहरा मौका मिल रहा है। जयंत स्टोर्स ने इस ऑफर के तहत कोसा साड़ी, प्योर सिल्क बनारसी, कांजीवरम साड़ियों पर 20 की छूट दे रही है।

लक्ष्मीपति व सुभाष ब्रांड की साड़ियों पर 15% तक की छूट है साथ ही अदर सिथेटिक, काटन, पेन्ट शट पर 10तक की छूट है। पारंपरिक भारतीय परिधान की पहचान मानी जाने वाली ये साड़ियां हर उम्र की महिलाओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से चयनित की गई हैं। जयंत स्टोर्स का सदियों पुराना विश्वास है। गुणवत्ता के साथ ग्राहक संतुष्टि। यही कारण है कि हर त्यौहार और खास अवसर पर यह स्टोर अपने ग्राहकों के लिए नए-नए ऑफर्स लाता रहा है। इस मानसून में भी ग्राहकों की जेब और पसंद दोनों का ख्याल रखते हुए यह विशेष छूट योजना लाई गई है। संचालक ने बताया कि यह ऑफर सीमित समय के लिए है। साड़ियों का यह बेहतरीन कलेक्शन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध है। मानसून की ताजगी के साथ अगर आप भी अपने वार्डरोब को नया लुक देना चाहती हैं, तो जयंत स्टोर्स का यह मानसून ऑफर आपके लिए एक शानदार मौका है।




## एजुकेशन प्लस

### ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल में छात्र संघ का गठन नेतृत्व विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम



**बिलासपुर।** ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल मिशन हॉस्पिटल रोड में छात्र संघ का गठन समारोह का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि अधिवक्ता एवं कानूनी सलाहकार श्रद्धा अग्रवाल रहीं।

कार्यक्रम की विद्यालय की प्राचार्या संगीता मिश्रा ने किया। विद्यालय में नवगठित छात्र संघ के पदाधिकारियों की घोषणा की गई और उन्हें शपथ दिलाई गई। इस वर्ष मास्टर मानद शर्मा को हेड बॉय और मिस समीक्षा झारिका को हेड गर्ल नियुक्त किया गया। प्राचार्या संगीता मिश्रा ने कहा छात्र संघ का यह गठन छात्रों की नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं उत्तरदायित्व के विकास के लिए एक प्रेरणादायक प्रयास है। मुख्य अतिथि श्रीमती श्रद्धा ने छात्र प्रतिनिधियों को कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार एवं सेवाभावी बनने की सीख दी। उन्होंने कहा कि छात्र संघ छात्रों की समस्याओं के समाधान का एक सशक्त मंच है। उप प्राचार्या नंदिता चटर्जी ने छात्र संघ गठन के सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों और छात्रों को बधाई दी। उन्होंने छात्र नेताओं को विद्यालय की मर्यादा बनाए रखने की प्रेरणा दी। धन्यवाद ज्ञापन सीमा अग्रवाल ने प्रस्तुत किया। चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल एवं विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### इंटेलिजेंट पब्लिक स्कूल, रतनपुर में मानसून थीम पर रचनात्मक गतिविधियां



**बिलासपुर।** इंटेलिजेंट पब्लिक स्कूल रतनपुर में आज विद्यार्थियों के लिए मानसून थीम आर्ट एंड क्राफ्ट एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा को उजागर करना और उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना था।

इस अवसर पर विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने वर्षा ऋतु से संबंधित पोस्टर, मॉडल और कला सामग्री का निर्माण किया। बच्चों ने इंद्रधनुष, वर्षा जल संरक्षण, बादल, छाता और मानसून के दृश्य बड़ी कल्पनाशीलता के साथ प्रस्तुत किए। बच्चों द्वारा कागज, रंग, वेस्ट मटेरियल आदि का उपयोग कर बनाई गई कलाकृतियां अत्यंत आकर्षक और संदेशप्रद रहीं। विद्यालय के प्राचार्य सुधीश वर्मा ने बच्चों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ विद्यार्थियों की सोच को नया दृष्टिकोण देती है, उन्हें प्रकृति के करीब लाती हैं। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के रचनात्मक आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही। बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।

### कार सवार ने दो वाहनों को मारी टक्कर

**बिलासपुर।** नशे में धुत कार सवार युवक ने खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाते हुए दो अन्य कारों को टक्कर मार दी। हादसे में वाहन सवार बाल बाल बचे हैं। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बहतराई श्याम रेसीडेंसी निवासी मोहसिन खान पिता अम्मू खान 4 जुलाई को अपने परिवार के साथ स्कार्पियो से जा रहे थे। रात 1 बजे मार्क हास्पिटल के पास मुक्तिधाम चौक की ओर से आ रहे कार क्रमांक सीजी 10 एबी, 1674 के चालक ने खतरनाक तरीके से चलाते हुए उनकी स्कार्पियो व वाहन क्रमांक सीजी 03, 8794 को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों वाहनों में सवार बाल बाल बच गए। वहीं दोनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 112, 1, 184, 185, 125, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### मरीजों के लिए साबित हो रहा वरदान

# सिम्स में पहली बार घुटने का रिप्लेसमेंट, महिला को मिला इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स अस्पताल के अस्थि रोग विभाग द्वारा घुटने और कूल्हे के जोड़ों का प्रत्यारोपण किया जा रहा है। यह मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है। खास बात यह है कि निजी अस्पतालों में लाखों रूपए के इलाज आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत किया जा रहा है, जिससे मरीजों को आर्थिक बोझ भी सहना नहीं पड़ रहा है।

हाल ही में कुछ दिन पहले देवरीखुर्द निवासी 70 वर्षीय महिला अस्थि रोग विभाग में इलाज कराने पहुंची। उन्हें घुटनों में दर्द और चलने फिरने में परेशानी हो रही थी। विभाग के डॉ संजय कुमार घिल्ले द्वारा मरीज की जांच की गई। एक्स रे रिपोर्ट में मरीज की दोनों घुटने खराब होने और घुटने की लिगामेंट टूटने की जानकारी मिली। डॉ संजय गिले ने घुटने का प्रत्यारोपण करने की सलाह दी गई और विभागाध्यक्ष डॉ एआर बेन ने मरीज को घुटने का प्रत्यारोपण तत्काल कराने की बात कही। मरीज के फिटनेस जांच करने के बाद दोनों घुटनों का जून माह में 15 दिन के अंतराल में ऑपरेशन किया गया।



ऑपरेशन के बाद मरीज अब स्वस्थ्य हो रही है। दर्द मुक्त व चलने फिरने में सक्षम है। ऑपरेशन टीम में डॉ एआर बेन डॉ संजय कुमार घिल्ले, डॉ अविनाश अग्रवाल, डॉ प्रवीन द्वेदी, डॉ शुभम पांडे और पीजी रेजिडेंट शामिल है। एनेस्थीसिया टीम में डॉ मधुमिता मूर्ति, डॉ मिल्टन, डॉ श्वेता कुजूर, डॉ भावना और टीम शामिल थे। नर्सिंग में योगेश्वरी और टीम सहयोगी रही।

### निजी अस्पतालों में लगती है लाखों की चपत

ऑपरेशन सामान्य घुटना प्रत्यारोपण से बिल्कुल था। जिसके एक घुटने के इंप्लांट का कीमत 1.5 लाख है। ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड के द्वारा निःशुल्क किया गया। इंप्लांट उपलब्ध करने में डीन डॉ रमणेश मूर्ति और एमएस डॉ लखन सिंह का विशेष योगदान रहा। ऐसा पहली बार हुआ है जब सिम्स में टोटल नी रिप्लेसमेंट किया गया है।




पोस्टर का विमोचन करते पूर्व मंत्री उमेश पटेल सहित कांग्रेस नेता।

### पूर्व मंत्री पटेल ने किया किसान जवान संविधान सभा का पोस्टर लांच

**बिलासपुर।** अभा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मलिकारजुन खड़गे के रायपुर आगमन पर "किसान जवान संविधान सभा का पूर्व मंत्री व विधायक उमेश पटेल ने पोस्टर लांच किया।

इस अवसर पर उनके साथ ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी, शहर अध्यक्ष विजय पांडे, विधायक अटल श्रीवास्तव, दिलीप लहरिया, पूर्व विधायक रश्मि सिंह आशीष सिंह सहित कांग्रेस जन मौजूद थे। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने किसान जवान संविधा सभा पोस्टर की जमकर सराहना की। इसे लोगों के लिए मागदर्शक बताया।



# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 6 जुलाई 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




बैठक

## लायंस क्लब उत्कर्ष की कार्यकारिणी गठित डॉ शकुंतला अध्यक्ष, डॉ आरती बनीं सचिव

**बिलासपुर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल की समाज सेवी संस्था लायंस क्लब उत्कर्ष बिलासपुर की सामान्य सभा और संचालक मंडल की बैठक में सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष





डॉ शकुंतला जितपुरे, सचिव डॉ आरती पांडेय, कोषाध्यक्ष डॉ रश्मि जितपुरे को चुना गया। क्लब के नॉमिनेशन कमेटी की चेयर परसन वीना अग्रवाल के मार्गदर्शन में सभी पदों का चयन हुआ। कोर कमेटी में उपाध्यक्ष, सहसचिव, सह कोषाध्यक्ष, टेल ट्विटर, टेमर, पीआरओ की भी जिम्मेदारी सदस्यों को दी गई। इनका यह कार्यकाल 1 जुलाई 2025 से 30 जून 26 तक रहेगा। डिस्ट्रिक्ट स्लोगन बी बेटर व क्लब प्रोजेक्ट हर्ष के तहत पदाधिकारियों ने वर्ष भर सामाजिक सेवा कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही गई। पूर्व अध्यक्ष कृष्णा मित्तल ने नई टीम को वर्ष भर सहयोग करने का आश्वासन दिया।

धर्म-क्षेत्र

## कल्चुरी समाज की बहनों ने की पूजा, एकता पर दिया जोर




**बिलासपुर।** हैहय क्षत्रिय कल्चुरी महिला समाज द्वारा संभागीय स्तर पर सामूहिक सुहगली पूजा का आयोजन किया गया। इसमें बिलासपुर, कोटा, पाली, कटघोरा, रतनपुर, बेलतरा, बेलगहना सहित अनेक स्थानों से समाज की महिलाओं ने पूरे सोलह श्रृंगार के साथ रंग-बिरंगी वेश में शामिल हुईं एवं महिला संगठन की एकता को मजबूत कर समाज को अग्रणी करने में अपना योगदान देने पर जोर दिया। वहीं विधि-विधान से पूजा की गई। सुहाग लिया गया। अंत में हैहय क्षत्रिय कल्चुरी महिला समाज की ओर से सभी बहनों का आभार प्रकट किया गया। यह जानकारी समाज की जिलाध्यक्ष हेमलता जायसवाल ने दी।

एग्जाम

## सीजीपीएससी और व्यापमं की परीक्षा में अब ई केवाइसी जरूरी

**बिलासपुर।** अब सीजीपीएससी और व्यापमं की परीक्षा देने से पहले हर आवेदकों को आधार कार्ड के जरिए ईकेवाइसी कराना अनिवार्य होगा। राज्य शासन ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। यह फैसला परीक्षा में हो रहे फर्जीवाड़े को रोकने के लिए लिया गया है। दरअसल, ये दोनों विभाग भर्ती परीक्षा कराते




हैं। इनसे सीधे युवाओं का भविष्य जुड़ा हुआ है। कई दफा फर्जी एपलीकेंट जैसे मामले सामने आए हैं। ऐसे में ये फैसला महत्वपूर्ण है। अब फॉर्म भरने के दौरान ही अभ्यर्थियों को ई-केवाईसी कराना होगा। इससे दोनों संस्थानों के पास एपलीकेंट से जुड़ा डेटा पहुंच जाएगा। इससे परीक्षा केन्द्रों पर आधार डिटेल से मिलान के बाद ही एपलीकेंट को परीक्षा में शामिल होने दिया जाएगा। सरकार की मंशा है कि इससे डुप्लीकेट, फर्जी और भ्रामक पहचान से जुड़े मामले पूरी तरह से खत्म हो जाएंगे।

हेल्थ

## तेजी से घट रहा है वजन, तो हो सकता है बीमारियों का संकेत

**बिलासपुर।** कई बार लोग वजन कम होने को गलतफहमी में अच्छी फिटनेस का संकेत मान लेते हैं। यदि आप अपनी डाइट, व्यायाम या जीवनशैली में कोई बदलाव नहीं कर रहे हैं, फिर भी आपका वजन तेजी से घट रहा है, तो यह निश्चित रूप से चिंता का विषय है। आइए इस लेख में जानते हैं कि वजन कम होना



किन बीमारियों का लक्षण हो सकता है। अचानक और बिना किसी स्पष्ट कारण के वजन कम होना, वास्तव में एक गंभीर स्वास्थ्य चेतावनी हो सकती है। कई बार लोग वजन कम होने को गलतफहमी में अच्छी फिटनेस का संकेत मान लेते हैं। यदि आप अपनी डाइट, व्यायाम या जीवनशैली में कोई बदलाव नहीं कर रहे हैं, फिर भी आपका वजन तेजी से घट रहा है, तो यह निश्चित रूप से चिंता का विषय है। यह किसी अंदरूनी शारीरिक समस्या का संकेत हो सकता है, जिसे नजरअंदाज करना खतरनाक साबित हो सकता है। यदि आपका वजन अनायास ही अपने सामान्य वजन का 5-10% या उससे अधिक कम हो रहा है, तो इसे बिल्कुल भी हल्के में न लें। यह शरीर का एक महत्त्वपूर्ण संदेश है जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। आइए इस लेख में हम ऐसी चार प्रमुख बीमारियों के बारे में विस्तार से जानेंगे, जिनके लक्षणों में तेजी से वजन घटना शामिल है।

# महाप्रभु जगन्नाथ की बहुड़ा यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**श्री जगन्नाथ सेवा समिति के तत्वावधान में शनिवार को बाजे-गाजे व कीर्तन मंडली के साथ श्री मौसी मां मंदिर रेल्वे से बहुड़ा यात्रा निकाली गई। यात्रा निकलने से पहले श्री जगन्नाथ सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य श्रीधर नायक ने राजा के वेश में छेरापहरा किया। छेरापहरा के समय जय जगन्नाथ की गूंज होती रही।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बहुड़ा यात्रा को लेकर उड़िया समाज सहित शहर के अन्य सभी लोगों में काफी उत्साह रहा। महाप्रभु का दर्शन पाने एवं उनके रथ का रस्सा खींचने सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे थे। बहुड़ा यात्रा निकलने से पहले सुबह 5 बजे महाप्रभु की मंगल आरती की गई। दोपहर 12 बजे महाप्रभु को 56 भोग लगाए गए। फिर पोहंडी हुआ यानी सबसे पहले सुदर्शन चक्र को रथ में लाया गया। इसके बाद भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा फिर महाप्रभु जगन्नाथ को रथ में बैठाया गया। फिर छेरापहरा की रस्म पूरी की गई। रथ की परिक्रमा, पूजा के बाद श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने रथ का रस्सा खींचा। रस्सा खींचने के बाद बहुड़ा यात्रा मौसी मां मंदिर से रवाना हुई जो कि तोरवा थाना, काली मंदिर, डाकघर चौक, जगमल चौक, गांधी चौक, पुराना हाईकोर्ट, तारबाहर थाना, बड़ा गिरजा चौक, स्टेशन चौक, तितली चौक होते हुए जगन्नाथ मंदिर पहुंची। रास्ते में श्रद्धालु भक्तों ने शरबत, बूंदी, चाय पिला कर बहुड़ा का स्वागत किया। बहुड़ा यात्रा को सफल बनाने में श्री श्री जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष बीरबल प्रधान, सलाहकार केके बेहरा सहित अन्य सभी सदस्यों का सहयोग रहा। समिति की ओर से शहरवासियों के प्रति आभार जताया गया।

### भावुक हुए महाप्रभु

महाप्रभु जगन्नाथ मौसी मां मंदिर में पूरे 8 दिन तक आनंद में रहे। यहां उन्हें मां जैसे प्यार मिलता रहा। भक्त महाप्रभु से खुल कर मिलते रहे। प्रसाद चढ़ाते रहे। ये सब महाप्रभु को अच्छा लग रहा था। श्री मंदिर आने के समय महाप्रभु व मौसी मां दोनों भावुक हो गए। उन्हें लग रहा था कि अब श्रीमंदिर में गर्भ गृह के रत्न बेदी में बैठकर वे भक्तों को दर्शन देंगे।



उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, रास्ते भर हुआ स्वागत, वरिष्ठ सदस्य श्रीधर नायक ने किया छेरापहरा



### मां लक्ष्मी ने जताई नाराजगी

मान्यता के अनुसार महाप्रभु के श्री मंदिर पहुंचने पर माता लक्ष्मी ने अपने साथ नहीं ले जाने की बात पर नाराजगी जताई एवं महाप्रभु को गर्भ गृह जाने से रोका। इस पर भारी मान-मनौव्वल चला तो भी नहीं मानने पर महाप्रभु ने माता लक्ष्मी को रसगुल्ला खिलाया तब कहीं जाकर महाप्रभु को जाने दिया गया।

### रथ को सजाया गया था फूलों से

बहुड़ा यात्रा के मद्देनजर रथ को आकर्षक ढंग से फूलों से सजाया गया था। महाप्रभु का एक झलक पाने रथ के चारों ओर श्रद्धालु भक्त खड़े होकर रथ को स्पर्श करते रहे। रस्सा को खींचने पूरी लंबी लाइन लगी हुई थी। लोग रस्सा को घंटों पकड़े खड़े रहे। जैसे ही रथयात्रा रवाना हुई रस्सा खींचने मानों होड़ सी लग गई। वहीं रथयात्रा स्थल में भगवान जगन्नाथ पर आधारित गीतों की गूंज होती रही। कीर्तन मंडली वाद्य यंत्रों की धुन पर कीर्तन करते रहे। इससे पूरा माहौल जगन्नाथमय बना रहा।

## कदली कुंज की झांकी सजाकर भगवान का किया गया गोल्डन श्रृंगार

**बिलासपुर।** प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी अग्रवाल निम्बार्क भवन विद्या नगर में अष्ट दिवसीय अखंड युगल नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया है। इसके पांचवें दिन शनिवार को केले के तने से कदली कुंज की झांकी सजाई गई। भगवान का गोल्डन श्रृंगार किया गया। आयोजक आशा रामावतार, निधी शिखर अग्रवाल ने बताया कि राधा माधव सरकार, चारों संप्रदाय युगल उपासना के प्रवर्तक श्री निम्बाकाचार्य के सानिध्य में भक्ति से ओतप्रोत अखंड युगल नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया है। इसमें युगल नामों का निरंतर कीर्तन किया जा रहा है। युगल नाम संकीर्तन आदिकाल से संतों द्वारा किया जाता रहा है। यह वृंदावन की भक्ति पर आधारित है। आयोजक एएसफन की डायरेक्टर आशा अग्रवाल ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नई पीढ़ी को धर्म, आध्यात्म से जोड़ने इस तरह का आयोजन आवश्यक है। समय रहते यह नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ी कुछ नहीं सीख पाएगी। आशा ठाकुरजी का उत्सव कराने में अग्रणी है। हर साल यह आयोजन करा परिवार, समाज के लोगों को जोड़ने का काम किया जाता है। आयोजन का यह 9 वां साल है। इस कार्य में परिवार का पूरा सहयोग रहता है।



निम्बार्क भवन में चल रहा अष्ट दिवसीय अखंड युगल नाम संकीर्तन

### वृंदावन की तर्ज पर आयोजन

युगल संकीर्तन पूरी तरह से वृंदावन की तर्ज पर हो रहा है। इस आयोजन को संपन्न कराने वृंदावन से मंडली आई हुई है। युगल नाम का रथ सजा हुआ है। इसमें शहर सहित चांपा, भाटापारा सहित अन्य जगहों से समाज लोग आकर निरंतर कीर्तन सेवा दे रहे हैं। अभी तक अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के भोलाराम मित्तल, अध्यक्ष आलोक चौधरी, अग्रवाल महिला समिति की रंजना अग्रवाल, चांपा से किरण अग्रवाल, किरण जालान, सक्ती से ममता अग्रवाल, भाटापारा से आए भक्त इस आयोजन में अपनी सहभागिता निभा चुके हैं। नित नई झांकियां सजाई जा रही है। गुरु ब्रजकिशोरी शरण की प्रेरणा है। सखियों द्वारा नए-नए पकवानों के भोग लगाए जा रहे हैं।

### इनका मिल रहा सहयोग

संकीर्तन को सफल बनाने में उषा अग्रवाल, अखंड युगल नाम संकीर्तन मंडल बिलासपुर, श्री राधा सखी परिकर, श्री युगल उपासक मण्डल एवं समस्त भक्त वृंदों का सहयोग मिल रहा है।



## संत नामदेव ने समाज को दिखाई नई राह

**बिलासपुर।** संत शिरोमणि नामदेव महाराज के निर्वाण दिवस पर नामदेव समाज ने सामुदायिक भवन नूतन चौक सरकंडा में संत नामदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजन एवं महाआरती की। प्रसाद वितरण किया गया।



श्री नामदेव फाउंडेशन बिलासपुर ने गोड़पारा दर्जी मंदिर में सुबह संत नामदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजन किया। संत नामदेव सामुदायिक भवन में पूजन, महाआरती के बाद गोष्ठी आयोजित की गई। संरक्षक शिवकुमार वर्मा ने कहा है कि संत शिरोमणि नामदेव ने 80 साल की उम्र में आज के ही दिन समाधि ली थी। भगवान विट्ठल की आज्ञा से महाराष्ट्र के पंढरपुर में 3 जुलाई 1350 को अपने परिवार के 13 सदस्यों के साथ समाधि ली थी। अध्यक्ष एनपी नामदेव ने संत शिरोमणि नामदेव की जीवनी पर प्रकाश डाला और बताया कि नामदेव समाज को एक नई राह दिखाई। फाउंडेशन प्रमुख राजकुमार चौधरी, गणेश नामदेव, शिवराम चौधरी, संतोष नामदेव ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में श्री नामदेव फाउंडेशन के अध्यक्ष एनपी नामदेव, संरक्षक शिवकुमार वर्मा, सचिव दिनेश चंद्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अखिल वर्मा, कमल वर्मा, सचिव दिनेश चंद्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अखिल वर्मा, अमित नामदेव, राकेश वर्मा, उमेश, मुकेश नामदेव, प्रवेश, सोमदत्त वर्मा, सुभाष नामदेव, अनिल वर्मा सहित नामदेव समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## ग्रीन बिलासपुर मिशन के तहत लगाए गए पौधे

बिलासपुर। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के स्थापना दिवस पर ग्रीन बिलासपुर मिशन के तहत एसबीआई बैंक एवं दीनबंधु सहयोग संस्था के संयुक्त प्रयास से पौधरोपण महाअभियान चलाया गया। इस अभियान में 93 से अधिक पौधों का रोपण किया गया।



पौधरोपण शहर के प्रमुख स्थलों सरस्वती गार्डन, सांई मंदिर के सामने और रामा मैग्नेटो मॉल के समीप किया गया। इस आयोजन की विशेषता यह रही कि एसबीआई के मुख्य प्रबंधक, मैनेजर, डिप्टी मैनेजर तथा दीनबंधु सहयोग संस्था के सदस्यों ने स्वयं श्रमदान करते हुए जमीन की खुदाई कर पौधों का रोपण किया एवं सुरक्षा की व्यवस्था की। सभी पौधों को बांस के डंठलों से सहारा देकर मजबूती से बांधा गया। इस मौके पर दीनदयाल साहू, आकाश सोनी, श्रुति केशरवानी, स्नेहा सोनी, उबैदा बानो, पालेश मरावी और बेनू गोपाल उपस्थित रहे। इन सभी ने पर्यावरण संरक्षण और हरियाली विस्तार के इस संकल्प को मजबूती दी। यह पहल ग्रीन बिलासपुर मिशन को एक नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगी।

कार्नर न्यूज

इनक्यूबेशन सेंटर में प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी गई जानकारी

# रायपुर से आए विद्यार्थी स्टार्टअप्स से हुए अवगत

**पीएमश्री स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल माना कैंप रायपुर के के बच्चों व शिक्षकों ने प्राचार्य सरोज यादव के नेतृत्व में इनक्यूबेशन सेंटर नूतन चौक पहुंचे एवं सेंटर का अवलोकन किया। यहां उन्हें नए व्यवसाय या स्टार्टअप्स के बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इनक्यूबेशन सेंटर प्रभारी डॉ धनंजय पाण्डेय ने बताया कि कई बच्चे स्टार्टअप की दुनिया में काम कर रहे हैं। इसमें हरिश चौधरी भी शामिल है। इन्होंने कई लोगों को जॉब दिया है। आज उनके साथ 8 लोग काम कर रहे हैं। एक गुपचुप बेचने वाला स्टार्टअप की दुनिया में है। उनके पास नासा का सर्टिफिकेट है। उन्होंने स्टार्टअप से जुड़े अन्य कई युवाओं के बारे में बताते हुए कहा कि हम कहां पर हैं और बच्चे कहां जा रहे हैं। स्थिति यह है कि यदि हम आज नहीं सोचेंगे तो कल हमारे लिए कोई मैदान नहीं छोड़ेगा। इनोवेशन में जाने से जरूर आगे बढेंगे। यदि दिमाग में कोई आईडिया हो तो उसे पकड़ लें और उस पर काम करें। स्टार्टअप कंपनी के सीईओ रौनक श्रीवास्तव व आकाश राठौर ने भी अपना अनुभव साझा किए एवं अपनी सफलता को सामने रखते हुए स्टार्टअप की दुनिया से जुड़ने माना रायपुर से आए बच्चों को प्रोत्साहित किया। रियल स्टेट के क्षेत्र में विजन विस्तारा के सीईओ अविरल शर्मा, डिजिटल मार्केटिंग के बारे में माई डिजिटल पेट्रॉन के सीईओ मनोज देवांगन ने बताया। मंजू दास व विशाल यादव ने भी अपनी प्रस्तुति दी। यादव व पूरी जानकारी सुनकर बच्चों ने भी रूचि दिखाई एवं कुछ सवाल कर अपनी जिज्ञासा शांत की। इसके बाद बच्चों ने सेंट्रल लाईब्रेरी की कार्यप्रणाली को समझा। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रकाश शुक्ला, प्रकाश निर्मलकर, अंकित, सतीश ठाकुर, शिवम का सहयोग रहा।





### करता है जॉब प्रोवाइट

ग्रुप कैप्टन वाई श्रीनिवास ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से पर्सनॉल्टी डवलप और स्टार्टअप के बारे में बताया और कहा कि इनक्यूबेशन सेंटर जॉब प्रोवाइट करता है। उन्होंने कहा कि बच्चे क्रिएटिव होते हैं। आईडिया भी उनसे आता है। यदि कोई बच्चा इससे जुड़ना चाहेगा तो उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2030 की प्लानिंग अभी से करने पर सफलता का प्रतिशत ज्यादा होगा।

## 1 लाख से अधिक पौधे लगाकर दर्ज किया गया गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम

# पौधरोपण पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीकः साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली/जरहागांव

हर आंगन में हरियाली लाने 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' महाअभियान के तहत जिले में पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा देने के लिए अभिनव पहल की गई। जिला प्रशासन की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना के 50 हजार हितग्राहियों के निवास परिसरों में 1 लाख से अधिक पौधे रोपे गए। इस अनूठे और भावनात्मक अभियान के माध्यम से ना केवल हरियाली बढ़ाने का प्रयास हुआ, बल्कि मातृत्व के प्रति सम्मान भी व्यक्त किया गया।

इस पहल को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। इस जिला स्तरीय महाअभियान का भव्य आयोजन जरहागांव के लोहड़िया रामपुर स्थित महात्मा गांधी ऑक्सीजन परिसर में किया गया, जिसमें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने आम के पौधे का रोपण कर जल और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिपं अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार, जिपं सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने भी आम के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिपं उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल सहित संबंधित अधिकारी, जपं उपाध्यक्ष पुष्पलता पदमिनी मोहले सहित नागरिक दीनानाथ केशरवानी मौजूद रहे। सोनल शर्मा ने जिला प्रशासन की इस उपलब्धि के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र प्रदान कर शुभकामनाएं दी। उस मौके पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि पौधरोपण न केवल पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को व्यक्त करता है, बल्कि यह प्रकृति से भावनात्मक जुड़ाव का भी प्रतीक है। जिले में इस पौधरोपण अभियान के तहत एक लाख से ज्यादा पौधों का रोपण कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया है, उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों का जीवन स्वस्थ और सुखद हो, इसके लिए पौधे लगाना अति आवश्यक है। वृक्षारोपण का यह क्रम टूटना नहीं चाहिए, पर्यावरण संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है। घटते जलस्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने जल संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने और वर्षा जल संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उन्होंने रामपुर में सीसी रोड निर्माण के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की। विधायक श्री मोहले ने पौधरोपण अभियान के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से शिक्षा, स्वास्थ्य किसी भी क्षेत्र में नया कीर्तिमान रचने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में पीएम आवास हितग्राहियों के घरों में वृक्षारोपण महाभियान को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में स्थान मिला है, जो जिले के लिए गर्व की बात है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वृक्ष परोपकार एवं पुण्य का प्रतीक होता है, पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी को पौधरोपण करना चाहिए। पौधों का अपने बच्चों के समान ही देखभाल करें, जब तक वह बड़ा न हो जाए। तभी हमारा पौधा लगाना सार्थक होगा। वनमंडलाधिकारी ने कहा कि दुनिया के समक्ष जलवायु परिवर्तन, बढ़ते तापमान, जल संकट जैसी चुनौतियां हैं। इससे बचने के लिए एक पेड़ लगाना आवश्यक है। जिपं अध्यक्ष ने पर्यावरण को बचाने वृक्षारोपण पर जोर दिया। कार्यक्रम के समापन में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन में योगदान देने वालों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने कार्यक्रम के सफलता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिपं सदस्य उमाशंकर साहू, पवन पाण्डेय, अन्य जनप्रतिनिधि, स्व सहायता समूह की दीदियां सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


पौधरोपण करते डिप्टी सीएम अरुण साव, विधायक मोहले व अन्य।



## अभियान का हिस्सा ही न बनें, बल्कि पौधों का संरक्षण भी करें: धर्मजीत

तखतपुर। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बेलपान के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में विधायक धर्मजीत सिंह ने पौधरोपण किया। इस दौरान विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' केवल एक अभियान नहीं है। इस गतिविधि से हमारा अतीत तो जुड़ा ही है, साथ ही यह भविष्य को भी प्राकृतिक दृष्टि से समृद्ध बनाने का प्रयास है। हम सब का यह दायित्व है कि केवल अभियान का हिस्सा न बनें, बल्कि जिन पौधों को हम प्रकृति को प्रदूषित होने से बचाने के लिए रोपित कर रहे हैं, उसका संरक्षण भी करें। सेजेस बेलपान में आयोजित इस पौधा रोपण कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत किया गया एवं सभी ने पौधा रोपित किया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार ने कहा कि जिस तरह से एक मां अपने बेटे की परवरिश करती है, उसी भाव से हम सभी को रोपे गए पौधों का संवर्धन करना है। संतोष कौशिक ने कहा कि विद्यालय में एक ऐसा माध्यम है, जहां से हम पूरे समाज को अच्छाई और बुराई दोनों की सीख देते हैं। इस स्थान से अभियान की शुरूआत करने का मतलब प्रत्येक व्यक्ति तक संदेश को पहुंचाना है। इस अवसर पर संतोष कौशिक, जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, विकास जायसवाल, दिनेश साहू, अमित मंदानी, गरीबा यादव, अंकित अग्रवाल, प्रमोद ठाकुर, राजेश देवांगन, सूरज रजक, राहुल तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नपा बरेला में बृहद पौधरोपण कार्यक्रम



जरहागांव। नगर पंचायत बरेला अंतर्गत हाईस्कूल ग्राउंड, नवधा प्रांगण, मिनी स्टेडियम नपं कार्यालय सहित अन्य स्थलों पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन नपं अध्यक्ष नरेश पटेल के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। हाई स्कूल की प्राचार्य पिंकी शर्मा ने अपने स्टाफ एवं नगर पंचायत स्टाफ के साथ वृक्षों की श्रृंखला का रोपण किया। नगर अध्यक्ष नरेश पटेल ने कहा कि वृक्ष एक शिशु की भांति होता है, जिनका जतन बड़ी मेहनत से करना होता है। इस अवसर बरेला नपं अध्यक्ष नरेश पटेल, उपाध्यक्ष शेख जैनुल, पार्षद नितेश पटेल, जया रमेश पटेल, देवहूति बबलू पटेल, हीरालाल पटेल, मुन्नी पवन पटेल, सुनीता विजय दीवान, प्रदीप ध्रुवंशी, संजय कुमार, विवेक बंटी सेमरिया, जगदीश साहू, भगेला धुरी, राजकुमार साहू, पिंकी गजानंद निर्मलकर, संजय निर्मलकर, नपं बरेला सीएमओ नरेश कुमार महिष, सीएसी गौकरण डिंडोले की उपस्थिति 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधे लगाए गए।

## 'मोर गांव, मोर पानी' अभियान के तहत पौधरोपण



बेलतरा। 'मोर गांव, मोर पानी' अभियान के तहत गांवों में सोखता गड्ढा, रिचार्ज पिट और बोरी बांध का निर्माण कर जल संरक्षण के लिए विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम अकलतरी विख बिल्हा अंतर्गत महाअभियान, भूजल संरक्षण के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला उपस्थित रहे। साथ ही विधायक प्रतिनिधि उमेश गौरहा, मंडल प्रभारी शंकर दयाल शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मणिदास मानिकपुरी, जागेंद्र कश्यप, महामंत्री भरत कश्यप, मनोज पटेल, सुनील श्रीवास, जनपद सदस्य मति सुरेखा पटेल, सरपंच अरूंधति रामझुल धीवर, जिला सहकारी समिति के अध्यक्ष संयोगिता रज्जु कश्यप, एसडीओ अमिताभ कश्यप, बीआरसी देवी चन्द्राकार, नीरज तिवारी, दीप्ती तिवारी, उपमंत्री अनिल भारतीय, पूर्वा गुप्ता, तकनीकी सहायक कामिनी वर्मा, साधराम धीवर, अनिल देवांगन, उतरा कश्यप आदि मौजूद थे।

## पौधरोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प



बोदरी। एसडीएम बजरंग वर्मा ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बिल्हा ब्लॉक के परसदा में पौधरोपण किया। कार्यक्रम में तहसीलदार राजेन्द्र भारत, नायब तहसीलदार विनीत शर्मा, बीओबीओ एवं महिला बाल विकास अधिकारी पुनीता डहरिया, सतीश शर्मा, संदीप सलूजा, भाजपा मंडल मंत्री धनेश्वरी डहरिया ने कहा कि तालाब हमारे गांवों की धरोहर हैं। जल और जीवन दोनों की रक्षा के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है। यह अभियान केवल शुरुआत है, हम हर वार्ड में इसे निरंतर चलाएंगे। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को हर घर तक पहुंचाने और प्रकृति के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस दौरान भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विश्वशम मानिकपुरी, अगरदास मानिकपुरी, राजेन्द्र डहरिया, डॉ लक्ष्मण यादव, पूर्व जनपद सभापति, ज्ञानेश्वर साहू, नरेश जायसवाल, अशोक पाटले, महेंद्र भारद्वाज, राजेन्द्र कौशल आदि उपस्थित थे।

## कृषि उपज मंडी परिसर में लगाए गए पौधे



करगी रोड कोटा। कृषि उपज मंडी परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में नपं अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू, मंडल अध्यक्ष बजरंग जायसवाल, पार्षद प्रमेंद्र गंधर्व, जिला सहकारी मर्या अध्यक्ष उत्तम प्रजापति, कमल आहूजा, कमलजीत अजमानी, राजू साहू, राहुल सिंह, ओम प्रकाश सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे। पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने सभी अतिथियों ने स्वेच्छा से पौधरोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। साथ ही उपस्थित जनसमूह को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की अपील की गई। इस अवसर पर मंडी परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडल कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मसनी में ग्रामीणों ने लगाए 195 पौधे



लोरमी। ग्राम मसनी में पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत ग्रामवासियों ने 195 पौधे लगाए। सरपंच नरेंद्र ध्रुव ने बताया क गांव में आ वा स हितग्राहियों सहित अनेक ग्रामीणों ने उत्सव के रूप में पौधरोपण किया है। सरपंच प्रतिनिधि अरुण साहू ने बताया कि जिला प्रशासन से पौधे प्राप्त हुए थे, उप मुख्यमंत्री अरुण साव के हरियर छत्तीसगढ़ के संकल्प को हमारी पंचायत ने एक अभियान के रूप में लेकर अपनी सहभागिता निभाई है। ग्रामीणों ने नीम, गुलमोहर, करंज जैसे पौधों का रोपण किया। शिक्षक राजकुमार कश्यप ने अपनी मां और बच्चों के साथ घर के बाड़ी में शमी, चंदन, लक्ष्मी तरु, बेल जैसे पौधे लगाए। इस दौरान राजा साहू, संजय कश्यप, साजन, राजा कोटवार, अरुण कश्यप, आवास मित्र दुजराम केवर्त, मितानिन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पौधे लगाए।

## पेड़ धरती के आभूषण, सहेजना हमारी जिम्मेदारी

सीपत। प्रकृति में संतुलन बनाए रखने एवं पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत पोड़ी में 'एक पेड़ मां के नाम' महाअभियान के तहत शनिवार को शासकीय हाईस्कूल परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सरपंच सूर्यप्रकाश शेष के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



सरपंच सूर्यप्रकाश शेष ने कहा कि पेड़ पौधे इस धरा के अनमोल आभूषण हैं और इसे सहेजना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। मां हमें जीवन देती है और पेड़ धरती को जीवन देते हैं। यदि हम हर पेड़ को मां की तरह सहेजें, तो आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध हवा, हरियाली और जीवनदायिनी प्रकृति की अमूल्य सौगात मिलेगी। इस दौरान सचिव हेमंत पटेल, मन्नू यादव, अशोक साहू, सुमेंद्र यादव, नंदू साहू, संजय बरेठ, रामप्रसाद साहू सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधों को उचित स्थानों पर रोपित किया एवं उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।

## पेड़ों से छांव के साथ मिलती है जीवन की आशा

सीपत। सीपत में शनिवार को पर्यावरण संरक्षण की नई पहल की शुरुआत हुई। स्वामी आत्मानंद हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्रांगण में पौधरोपण कर धरती को हरियाली का उपहार दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि व सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मां केवल जन्म नहीं देती, जीवन भी देती है। और हर पेड़ उसी जीवन को बनाए रखने का माध्यम है। जब हम मां के नाम एक पौधा लगाते हैं, तो हम धरती मां के ऋण को चुकाने की दिशा में पहला कदम बढ़ाते हैं। सरपंच ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि हर पेड़ सिर्फ ऑक्सीजन नहीं देता, यह छांव, जीवन और आशा भी देता है। विद्यालय के प्रांगण में इस दौरान नीम, अमरूद, करंज, अशोक और तुलसी जैसे औषधीय व छायादार पौधे रोपे गए। बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और 'एक पेड़ मां के नाम' को अपनी चेतना का हिस्सा बनाया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों व स्थानीय जनों ने पर्यावरण सरंक्षण की शपथ ली।




## वृक्षों के बिना मानव जीवन की कल्पना अधूरी

सीपत। बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया में जिपं सदस्य राजेंद्र धीवर की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि जिपं सदस्य राजेंद्र धीवर ने कहा कि वृक्षों के बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। डायरेक्टर फार्मासूटिकल कॉलेज एवं जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल बलौदा के डॉ गिरिराज गढ़ेवाल कहा कि हर इंसान को पौधरोपण करना चाहिए। विद्यालय के संचालक अहमद मोमिन ने कहा आज के परिपेक्ष्य में विद्यार्थियों को पौधरोपण का महत्व समझना होगा एवं मानवीय मूल्यो में शामिल करना होगा। वहीं ग्राम पंचायत खम्हरिया की आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ गरिमा पटेल ने पर्यावरण और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। विद्यालय के प्राचार्य बलराम यादव ने वृक्ष लगाओ धरती बचाओ का संदेश दिया। इस दौरान सचिव कन्हैया लाल साहू, जपं देवेश शर्मा, सरपंच श्वेता शैलेन्द्र खांडेकर, उपसरपंच बुधवाराबाई, मड़ई सरपंच फिरत अनन्त, कुली सरपंच बलराम वस्त्रकार, ऊनि सरपंच छविलता देव साहू, कोटवार नवल चौहान आदि मौजूद थे।



# एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत हरियाली बढ़ाने का संकल्प : तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बिल्हा विधानसभा अंतर्गत नगर पालिका परिषद बोदरी, ग्राम पंचायत रहंगी, परसदा एवं खम्हारडीह सहित विभिन्न स्थानों पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होकर 1000 से भी अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित बनाए रखेने की ओर कदम बढ़ाये। यह कार्यक्रम की शुरुआत नगर पालिका परिषद बोदरी में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के तहत फलदार पौधों का रोपण कर की। इसके पश्चात ग्राम रहंगी स्थित गौठान परिसर में, ग्राम पंचायत परसदा के अमृत सरोवर क्षेत्र में तथा ग्राम पंचायत खम्हारडीह के पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। विशेष रूप से खम्हार डीह में बी.सी. फर्टिलाइजर, सिरगिट्टी के सहयोग से एक हज़ार पौधों के रोपण की अनुकरणीय पहल की जा रही है।

- एक पेड़ माँ के नाम का अभियान माँ की ममता और प्रकृति के प्रति कर्तव्य को जोड़ने वाला संकल्प : कौशिक

इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक व्यक्ति के लिए मां का बहुत महत्वपूर्ण स्थान होता है। इस रिश्ते की गरिमा को समझते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर धरती पर हरियाली बढ़ाने के दृष्टिकोण से वृहद स्तर पर वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। एक पेड़ मां के नाम लगाकर उसे बचाने का संकल्प लिया है। जनता से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आवाह्न किया हैं। उन्होंने कहा धरती भी मां स्वरूप है। इसलिए पेड़ पौधे रहने से संतुलन वायुमंडल का संतुलन बना रहता है। इसलिए क्षेत्रीय लोगों से अपील है कि अपने घरों व आसपास की खाली जमीन पर इस अभियान के तहत विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष लगाकर उसकी देखभाल बेहतर ढंग से करते रहे। जो पुनीत कार्य भी है।

इस मौके पर श्री कौशिक ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह अभियान ना केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि भावनात्मक रूप से माँ की ममता और प्रकृति के प्रति कर्तव्य को जोड़ने वाला संकल्प भी है। उन्होंने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्थानीय ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने वृक्षों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि माँ जैसी ममता और छाया देने वाले वृक्षों को समर्पित यह पहल न केवल भावनात्मक है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।धरती मां की सेवा और समस्त मांओं को नमन करता यह अभियान हमें प्रकृति के संरक्षण और वृक्षारोपण की याद दिलाता है। यह पहल मातृ-स्मृति को प्रकृति से जोड़ते हुए भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक हरित संदेश बनकर सामने आई।


एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौघरोपण करते तोखन साहू, धरमलाल कौशिक व अन्य।

## नोवा कंपनी ने चुराघाट दगोरी में किया पौधरोपण

दगोरी। नोवा आयरन एंड स्टील लिमिटेड ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत सघन पौधरोपण का आयोजन किया। ग्राम पंचायत भवन, शाला प्रांगण, भवानी चौक तथा ग्राम पंचायत उड़न ताल, चूराघाट गौठान में बड़ी संख्या में पौधे लगाए गए। सभी उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने नोवा आयरन एंड स्टील लिमिटेड के पर्यावरण के प्रति अपने दायित्व को पूरा करने में अपनी भागीदारी प्रदान की। इस दौरान अभियान में प्रमुख में कंपनी जीएम अमित कुमार सिंह, डीजीएम केके शर्मा, जनपद सदस्य संजय ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि गुंजारा यादव, उपसरपंच प्रकाश बंजारे, सचिव राजेश पात्र, रोजगार सहायक बैरागी टंडन, पंचगण छबि, सोनी पटेल, शिवदयाल केवट, आशा किशोर, लक्ष्मण ध्रुव सहित समाजसेवी दशरथ सन्नाट, गंगा निर्मलकर, उमेन दास मानिकपुरी, साहिल, बादल, संजीत टंडन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




## उरतुम शासकीय स्कूल में लगाए गए छायादार पौधे



लगरा। 'एक पेड़ मां के नाम' पौधारोपण अभियान के तहत ग्राम पंचायत उरतुम के शासकीय हाई स्कूल प्रांगण में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर जपं सदस्य बुधनाथ पैगोर ने कहा कि पौधरोपण करने के पश्चात कम से कम 5 साल तक इसकी देखभाल करना बहुत ही आवश्यक है, तभी यह अभियान सार्थक होगा। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि धीरेंद्र गढ़ेवाल, उप सरपंच दिलीप रात्रे, सचिव मुकेश शुक्ला, सामाजिक कार्यकर्ता सुखराम, बुद्धेश्वर, रवि, कमल, आकाश, सूर्यकांत, राजकुमार, आशीष, रवि, आशुतोष सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## रहंगी भारतपुर में पौधरोपण



लोरमी। ग्राम रहंगी भारतपुर में 'एक पेड़ मां के नाम' महाभियान के तहत पौधरोपण किया गया एवं उपस्थित ग्रामीणों से अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की गई। इस अवसर पर जपं सदस्य रानी देवा मार्को, सरपंच प्रतिनिधि सुखमणि भगवान सिंह पोर्ते, संध्या भोलाराम साहू, सचिव कुशल यादव, पंच रामावतार साहू, जीतराम कोशले, कृष्ण कुमार यादव, शिक्षक अभिजीत तिवारी, चंद्रकांत डड़सेना, झुमुक राजपूत, रवि, मोतीराम यादव, मन्नू यादव सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप


### मोबाइल चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार



**बिलासपुर।** लोगों के घरों में घुसकर मोबाइल चोरी करने वाले महिला को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके पास से चोरी के 3 मोबाइल हैंडसेट जब्त किए गए हैं। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, पटवारी प्रशिक्षण केंद्र के पास रहने वाली अनिश मसीह 4 जुलाई की रात भोजन करने के बाद सो गई। रात 2.30 बजे उनकी नींद खुली तो एक महिला घर से निकले दिखाई तो वह चिल्लाई तो महिला भाग निकली। कूलर के ऊपर रखा उनका मोबाइल चोरी हो गया था। इसी तरह लिंगियाडीह निवासी भावेश शाह का घर के कूलर से मोबाइल चोरी हो गई। पुलिस दोनों की रिपोर्ट पर मोबाइल चोरी करने वाली महिला के पतासाजी में जुट गई। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर शनिचरी रपटा के पास से झारखंड राजखड़समा सेरेकला निवासी कदमतली मोदी पति कुंदन मोदी 32 साल को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर महिला ने दोनों मकानों से मोबाइल चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसके पास से चोरी की 3 मोबाइल बरामद किया गया है।

### युवकों ने झपट्टा मारकर युवती से लूटा मोबाइल

**बिलासपुर।** पैदल घर जा रही युवती के हाथ में झपट्टा मारकर मोबाइल लूटकर स्कूटी सवार तीन युवक भाग निकले। पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई है।



कोतवाली पुलिस के अनुसार, अशोकनगर निवासी विनिता यादव पिता शिव यादव तेलीपारा एक दुकान में काम करती है। 4 जुलाई को रात 8.30 बजे दुकान बंद होने के बाद सहेली के साथ पैदल घर जा रही थी। 8.45 बजे शनिचरी बाजार बिलासा चौक के पास बात करने के लिए अपने बेग से मोबाइल निकाली और चेन बंद कर रही थी। इसी दौरान स्कूटी सवार तीन लोग आए और झपट्टा मारकर उनके हाथ से मोबाइल लूटकर पचरीघाट की ओर भाग गए। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 304, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**सीयू में नान टीचिंग पदों पर चल रही भर्ती** | **एलडीसी पद के लिए लिखित परीक्षा व टायपिंग टेस्ट**

# नौकरी पाने बरसते पानी में हजारों युवा पहुंचे सेंट्रल यूनिवर्सिटी, लगा रहा मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में नान टीचिंग पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है, जिसके क्लर्क बनने बरसते पानी में हजारों की संख्या में युवा बेरोजगार यूनिवर्सिटी पहुंचे थे, जिसके चलते यूनिवर्सिटी कैंपस में मेला सा माहौल रहा।

यूनिवर्सिटी में लोअर डिवीजन क्लर्क एलडीसी के 36 पदों के लिए लिखित परीक्षा व कंप्यूटर टायपिंग टेस्ट हुआ। लिखित परीक्षा के बाद उम्मीदवारों से प्रश्न पत्र वापस जमा करा लिए गए। वहीं अपर डिवीजन क्लर्क यूडीसी के चार पदों के लिए रविवार को परीक्षा रखी गई है। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में नान टीचिंग के रिक्त 53 पदों को भरने के लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत 3 जुलाई को कुछ पदों के लिए लिखित परीक्षा हुई थी। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्धा क्लर्क पर के लिए हैं, उसमें भी लोअर डिवीजन क्लर्क एलडीसी के लिए है। एलडीसी 36 पदों के लिए 4 हजार 958 आवेदन आए थे, जिनमें से 4 हजार 664 लोगों के आवेदन वैध पाए गए और उन्हें लिखित परीक्षा के लिए बुलाया गया था। इसमें छत्तीसगढ़ के अलावा बाहर से भी बड़ी संख्या में उम्मीदवार भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने पहुंचे थे। एलडीसी पद के लिए आज सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक लिखित परीक्षा रखी गई थी, उसके बाद दूसरे पाली में टायपिंग टेस्ट भी हुआ। लिखित परीक्षा की गोपनीयता के लिए यूनिवर्सिटी द्वारा परीक्षा के बाद उम्मीदवारों से प्रश्न पत्र जमा करा लिए गए। लिखित परीक्षा शुरू होने के पहले आज सुबह के समय बारिश भी हो रही थी, इसलिए बरसते पानी में बेरोजगार युवा भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने पहुंचे थे। बाहर दूसरे राज्यों से भी उम्मीदवार अपने अभिभावकों के साथ भी पहुंचे थे। इसलिए सेंट्रल यूनिवर्सिटी कैंपस में चारों तरफ लोगों की भीड़ के चलते मेला सा माहौल रहा।

रविवार को अपर डिवीजन क्लर्क यूडीसी के चार पदों के लिए लिखित परीक्षा एवं टायपिंग टेस्ट होगा। यूडीसी के लिए 407 आवेदन आए थे जिसमें से केवल 35 उम्मीदवारों के आवेदन योग्य पाए गए हैं।



परीक्षा देने सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पहुंचे युवा

#### नान टीचिंग के इन पदों पर चल रही भर्ती

| | |
|---|---|
| यूडीसी | 04 पद |
| एलडीसी | 36 पद |
| स्टेनोग्राफर | 01 पद |
| लैबोटरी असिस्टेंट | 08 पद |
| लाइब्रेरी अटेडेंट | 01 पद |
| असिस्टेंट | 01 पद |

#### भर्ती प्रक्रिया के चलते सप्ताहभर से क्लासेस बंद

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने एक जुलाई से अपने यहां के सभी क्लासेस, अध्यापन कार्य स्थगित कर दिया है। यूनिवर्सिटी ने पहले प्रवेश प्रक्रिया भी स्थगित करने का निर्देश निकाल दिया था, जिसे बाद में संशोधित करते हुए केवल अध्यापन कार्य स्थगित किया गया और पूर्व निर्धारित अनुसार प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में नान टीचिंग पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है, जिसके तहत 1 जुलाई से 6 जुलाई के बीच विभिन्न पदों के लिए लिखित परीक्षा, टायपिंग परीक्षा आयोजित की गई है। इस भर्ती प्रक्रिया परीक्षा में यूनिवर्सिटी के शिक्षकों की डयूटी लगाई गई है, इसलिए यूनिवर्सिटी में सप्ताहभर के लिए अध्यापन कार्य बंद है।

**अवैध कटाई : बेलगहना-केंदा रोड पर अवैध कब्जे के लिए काटे गए पेड़**

# दिनदहाड़े जापानी मशीन से काट डाले पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंदा घाट के पास हाईवे पर बन रही 4 लेन सड़क निर्माण का फायदा उठाकर हर भरे 15 से अधिक पेड़ों की बलि दे दी। इसकी सूचना वन विभाग को मिलते ही अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय हुए और शाम तक आरोपी को पकड़ लिया गया है। वन अधिनियम की धारा और अन्य नियमों के तहत आरोपी पर कार्रवाई की गई है। शनिवार को उसे जेल दाखिल कर लिया गया है।

- **एसडीओ और डीएफओ के आदेश पर कार्रवाई**

वन विभाग के आंखों के सामने मुख्य सड़क पर 15 पेंड़ों पर आरी चल गई। बताया जा रहा है कि केंदा निवासी धरमदास मानिकपुरी उम्र 35 वर्ष ने हाइवे से लगे साल के 15 पेड़ों को काट दिया। महज 2 से 3 घंटे के भीतर घटना का अंजाम दिया, और अपराधी ने वन भूमि के पेड़ों को काटने के लिए जापानी मशीन का उपयोग किया और आरी से पेड़ काट डाले। इसकी सूचना सबसे पहले चौकदार को हुई, उसने आरोपी को पेड़ काटते देख लिया, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। वन विभाग के एसडीओ निश्चल शुक्ला को इसकी जानकारी मिली, उन्हें तत्काल 4 टीम बनाकर केंदा के आसपास के बस्ती में तलाशी कराई, और रात तक आरोपी को पकड़ लिया गया। वन विभाग ने उसकी निशानदेही में पॉवर बैटरी चालित आरी मशीन को बरामद कर लिया है। आरोपी धरमदास मानिकपुरी के विरूद्ध वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (1)(4), काष्ट अधिनियम 1984 की विभिन्न धाराएं और लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी और जब्त सामान के साथ न्यायालय में पेश किया गया था, आरोपी को 14 दिन की न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है।

#### आरोपी ने 15 पेड़ों पर चलाई आरी





केंदा घाट के पास हाईवे पर काटे गए वृक्ष।

#### अतिक्रमण करने की थी योजना

सूत्रों के अनुसार आरोपी हाईवे में बन रही सड़क के बाजू में अतिक्रमण करने के लिए पेड़ों की बली दे दी। उसने शुक्रवार की सुबह 10 बजे पेड़ काटना शुरू किया और कुछ ही घंटों में 15 पेड़ काट दिए। जापानी मशीन की धार से पेड़ धराशाही हो गए। वन विभाग के अमले को काफी समय बाद इसकी जानकारी मिली।

#### वन विभाग ने 1 आरोपी को पकड़ा



आरोपी जेल दाखिल।

#### ऑनलाइन मंगाई मशीन

बताया जा रहा है कि आरोपी ने सड़क किनारे वन विभाग की जमीन पर लगे बड़े-बड़े पेड़ों को काटने के लिए ऑनलाइन आरा मशीन मंगाई थी। विभाग ने उसके कब्जे से मशीन जब्त की है।

#### चार टीम बनाई गई थी

मुझे पेड़ काटने की जानकारी मिलते ही रेंजर को मौके पर भेजा गया था। इसके बाद 4 टीम बनाई गई और बस्ती और अन्य जगहों पर तलाशी ली गई। शाम तक आरोपी को पकड़ लिया गया। शनिवार को आरोपी को जेल भेज दिया गया है। मामले में अन्य पहलू पर जांच जारी है।

- **निश्चल शुक्ला,** एसडीओ, वन विभाग

**यदुनंदन नगर का मामला**

# मालिक ने किया भरोसा कार लेकर भागी नौकरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मकान मालिक व मालकिन का भरोसा जीतने के बाद नौकरानी उनकी स्विफ्ट डिजायर कार चोरी कर भाग गई। पुलिस नौकरानी की पतासाजी में जुट गई है।

- **पुलिस जुर्म दर्ज कर नौकरानी की पतासाजी में जुटी**

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, यदुनंदन नगर निवासी घनश्याम साहू ने रिपोर्ट लिखाई। वे बस सर्विस में बस चलाते है और उनकी पत्नी शिक्षिका हैं। प्रतिदिन सुबह 5 बजे दोनों अपने कामों पर चले जाते हैं। उन्होंने 3 माह पहले घरेलू काम करने के लिए पूर्णिमा यादव को रखा था। वह उनके घर में रहकर काम करती थी। काम अच्छा लगने पर उन्होंने पूर्णिमा पर विश्वास होने से घर एवं कार की चाबी उसके पास ही रखते थे। 1 जुलाई को दोनों पति पत्नी काम पर चले गए। पूर्णिमा यादव अपनी बेटी के साथ उनके घर में थी। उनकी पत्नी 7.30 बजे घर आईं तो नौकरानी पूर्णिमा यादव घर में नहीं थी और घर के बाहर खड़ी उनकी स्विफ्ट डिजायर क्रमांक सीजी 10 बीएच, 0760 नहीं थी।

उन्होने पूर्णिमा की खोजबीन को पता नहीं चला और उसका मोबाइल लगातार बंद मिल रहा है। उन्होने नौकरानी पर कार चोरी करने का संदेह जाहिर की है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर पूर्णिमा यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 316, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### झांसा देकर व्यापारी से 12 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** सस्ते में राशन दिलाने का झांसा देकर एक व्यापारी से 12 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। पुलिस ने अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, शनिचरी के व्यापरी आनंद नोपानी ने थाने में रिपोर्ट लिखाई। उनकी दुकान में मनीष त्रिपाठी नामक एक व्यक्ति आया और अपना रायपुर में आफिस होना व सस्ता में राशन सामान दिलाने की बात कही। सस्ते में सामान मिलने के लालच में आकर वह उनसे सामान खरीदने लगा। दो तीन बादर सस्ता में सामान दिलाने पर व्यापारी ने उसे 12 लाख रुपए का चेक देकर सामान का आर्डर दिया। समय सीमा पर सामान नहीं आने पर व्यापारी ने रायपुर में जाकर पतासाजी की, पता चला कि वहां उस नाम की कोई दुकान नहीं है। वहीं उक्त व्यक्ति का मोबाइल बंद मिल रहा है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर मनीष त्रिपाठी नामक व्यक्त के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

# जमीन मिलने पर होगा विस्तार राज्य सरकार करे पहल



**बिलासपुर।** बिलासपुर एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग व रनवे की लंबाई बढ़ाना बेहद जरूरी हो चुका है। एयरपोर्ट का रनवे 1500 मीटर लंबा व 30 मीटर चौड़ा है, जबकि बोइंग व एयरबस जैसे विमान के परिचालन के लिए कम से कम 2200 मीटर लंबा और 45 मीटर चौड़ा रनवे आवश्यकता है, ऐसे में राज्य सरकार जमीन का विस्तार कर एयरपोर्ट का उन्नयन करने पर विचार करें, ताकि यात्रियों को सुविधा मिल सके।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सेना के कब्जे की 1012 एकड़ जमीन में से 290 एकड़ हासिल कर एयरपोर्ट को देने से रनवे की लंबाई 2885 मीटर तक बढ़ाई जा सकती है। रनवे के बड़े होने पर 300 सीटर विमान उतर सकेंगे। देश में 800 से अधिक विमान है, लेकिन बिलासपुर एयरपोर्ट पर महज 80 से 10 विमान ही उतरने की क्षमता है, बाकी विमानों का परिचालन ही संभव नहीं है। हवाई सुविधा जनसंचार समिति ने कहा कि प्रथम चरण में बिलासपुर में रनवे की लंबाई 1500 से बढ़कर 2200 मीटर किया जाना है, इस कार्य के लिए 50 करोड रुपए की लागत आ सकती है रनवे बनने के बाद एयरबस और बोइंग विमान उतर सकेंगे। शनिवार को समिति का धरना जारी रहा। इस दौरान अनिल गुलहरे, बद्री यादव, महेश दुबे,प्रदीप रही,गोपी राव, प्रतीक तिवारी, रणजीत सिंह, शिवा मुदलियार, प्रकाश बहरानी, शरद शुक्ला, पवन पांडे, संतोष पीपलवा, मोहसिन अली, अकील अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

# 22 पीड़ितों को 26 लाख की राहत राशि का भुगतान

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण नियम के तहत दर्ज मामलों की समीक्षा की गई। बैठक में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, दिलीप लहरिया, अटल श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि इस साल 1 जनवरी से 20 जून तक छह महीनों में 22 पीड़ति व्यक्तियों के लिए 26 लाख रुपए की राहत राशि स्वीकृत की गई। इसका भुगतान भी पीड़ति व्यक्तियों को कर दिया गया है। पीड़ति 22 लोगों में 19 अनुसूचित जाति एवं 3 अनुसूचित जनजाति वर्ग से है।

- **अत्याचार निवारण नियम के तहत दर्ज मामले में**

सहायक आयुक्त पीसी लहरे ने बताया कि अपराध पीड़ति 22 लोगों में हत्या के 2, दैहिक शोषण के 8, छेड़छाड़ के 2 तथा अपमान एवं मारपीट के 10 प्रकरण शामिल हैं। कलेक्टर ने दर्ज मामलों के अंतर्गत पीड़ितों को समय पर राहत राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### ससुराल जाने निकले ग्रामीण की मिली लाश

**बिलासपुर।** ससुराल जाने निकले एक ग्रामीण की रास्ते में लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस जांच में जुट गई है। बिल्हा टीआई उमेश साहू ने बताया, देवकिरारी निवासी अशोका निषाद पिता नारायण निषाद 32 साल शुक्रवार की शाम 4 बजे ससुराल जाने के लिए निकले थे। शनिवार की सुबह गांव के लोगों ने उसे रास्ते में मृत पड़ा हुआ था, जिससे गांव में सनसनी फैल गई। बताया जाता है आंख के पास खरोंच के निशान हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।


संभाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी. ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123



हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
Departure EX-Kathmandu (13 दिन)
EX-नेपाल गंज हेलिकॉप्टर
(9 दिन) 2,60000/-
कैलाश मानसरोवर यात्रा
25 जुलाई, 14 अगस्त, 23 सितंबर 2025 (12 रात 13 दिन)
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
राशि:- (13 दिन) 2,10000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



चतुर्थ पुण्यतिथि
यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः । स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते ।।
"श्रेष्ठ पुरूष जो जो आचरण करता है, अन्य पुरूष भी वैसा-वैसा ही आचरण करते हैं। वह जो कुछ प्रमाण कर देता है। समस्त मनुष्य समुदाय उसी के अनुसार बदलने लग जाता है।"
(श्रीमद् भगवद्गीता 3/21)



स्मृतिशेष श्री रामाधार कश्यप
पूर्व सांसद राज्यसभा, पूर्व विधायक
निर्वाण 6 जुलाई 2021
छत्तीसगढ़ के पुरोधा
छत्तीसगढ़ निर्माण के सेनानी, सहज, सरल, सहृदय
आपका स्नेह, मार्गदर्शन, समय प्रतिबद्धता व प्रबंधन
निर्णय क्षमता, समाजसेवा सदैव हमारे लिये प्रेरणा स्त्रोत रहेगी
आज आपकी चतुर्थ पुण्यतिथि पर
शत्-शत् नमन...
श्रद्धानवत्
समस्त कश्यप परिवार ग्राम चोरभट्टी,
पोस्ट किरारी, तह. पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)